# ड्राइवर और पड़ोसी युवक निकले घर में करोड़ों की चोरी के सूत्रधार

## शालीमार पैराडाइज में हुई वारदात का मामला, पड़ोसी रिटायर्ड अफसर का बेटा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** शालीमार पैराडाइज में करीब छह दिन पूर्व हुई करोड़ों की चोरी में पुलिस के हाथ न सिर्फ संदिग्ध और सुराग लगे, बल्कि वह इस घटना का खुलासा करने जा रही है। विश्वस्त सूत्रों के हवाले से ठेकेदार का चालक और पड़ोसी युवक ही घटना के सूत्रधार निकले। गुरुवार को पुलिस इस घटना से राजफाश कर सकती है।

बताते चलें कि गुरुवार की दोपहर गोरखपुर से बाराबंकी लौटे ठेकेदार अजय बघेल ने शालीमार पैराडाइज स्थित किराए के विला पर कदम रखा तो उनके होश उड़ गए। शक सही निकला और चोर यहां से करीब एक लाख रुपये नकद के अलावा करोड़ों की कीमत के जेवर व लाइसेंसी रिवाल्वर ले गए। सूचना मिलते ही सीओ सिटी संगम कुमार, कोतवाल सुधीर सिंह व फारेंसिक टीम पहुंच गई। जांच के दौरान ठेकेदार ने अपने चालक पर शक जताया।

घटना के बाद स्वाट, सर्विलांस समेत करीब दस पुलिस टीमें चोरी के खुलासे के लिए लगाई गई थीं। कई दिन की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस भी हताश हो गई थी, हालांकि बुधवार को शालीमार तक पुलिस की चहलकदमी तेज हो गई।

एसपी से लेकर टीमें व अन्य अफसरों ने यहां डेरा डाल दिया। सूत्रों की मानें तो ठेकेदार का चालक अनिल यादव तो इस घटना का सूत्रधार निकला ही साथ ही ठेकेदार के विला के ठीक सामने रहने वाला युवक आकाश ठाकुर भी दबोचा गया है। चर्चा है कि यह युवक किसी बड़े व रिटायर्ड अफसर ए.एन. सिंह का बेटा है।

आकाश और अनिल ने मिलकर ही योजना बनाई और ठेकेदार के न रहने पर चोरी को अंजाम दिया। यह भी पता चला है कि पुलिस ने चोरी गए जेवरों का काफी हिस्सा, लाइसेंसी रिवाल्वर बरामद किया है, साथ ही नकदी भी। हालांकि पुलिस के अधिकारी सीधे कुछ कहने से बचते रहे लेकिन अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि जांच जारी है, जल्द खुलासा किया जाएगा।

### महंगे शौक ने करा डाला अपराध

शालीमार पैराडाइज में रहने वाले लोगों के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी युवक आकाश ठाकुर शालीमार में सी-7 विला का रहने वाला है। बताया जा रहा कि यहां पर फिलहाल किराए पर रह रहे रिटायर्ड अफसर का बेटा आकाश ठाकुर काफी महंगे शौक रखता था, पर सवाल सीमित खर्चों के बीच इच्छाओं की पूर्ति से जुड़ा था, इसी चाह में वह योजना में शामिल हो गया। उधर ठेकेदार अजय बघेल ने बताया कि पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उसके चालक अनिल व आरोपी युवक आकाश ठाकुर को पकड़ा गया है। इन दोनों ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

# आज से 21 तक तिथिवार चलेगा स्व-गणना अभियान

**बाराबंकी: अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना को सफल बनाने के लिए 7 से 21 मई तक तिथिवार संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों व विभिन्न वर्गों के नागरिकों की व्यापक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रत्येक दिन को विशेष थीम के रूप में निर्धारित किया गया है।

गुरुवार यानी 7 मई को राजस्व व प्रशासन दिवस के तहत मुख्यालय व तहसीलों में कार्यक्रम होंगे। कलेक्ट्रेट लोकसभागार में आज सुबह 10 बजे सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, आयोग के अध्यक्ष सहित जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा स्व-गणना की जाएगी। वहीं 8 मई को स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीण विकास दिवस पर ग्राम पंचायत, नगर निकाय व विकास खंड स्तर पर आयोजन होगा। 9 मई को खिलाड़ी व पत्रकार, 10 मई को पद्म व राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति और सामाजिक संस्थाएं, 11 मई को न्यायिक अधिकारी व अधिवक्ता, 12 मई को पुलिस व यूनिफॉर्म्ड फोर्स, 13 मई को केंद्रीय कार्यालय व वित्तीय संस्थान, 14 मई को शैक्षणिक संस्थान, 15 मई को चिकित्सा संस्थान, 16 मई को उद्योग व यातायात क्षेत्र, 17 मई को महिला व स्वयं सहायता समूह, 18 मई को डिजिटल एक्सेस के माध्यम से आमजन, 19 मई को वर्क फ्रॉम होम करने वाले नागरिक तथा 20 मई को एलजीबीटीक्यू समुदाय को शामिल किया जाएगा। उन्होंने सभी नोडल व विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

## स्पोर्ट्स अकादमी का शुभारंभ, चैंपियनशिप शुरू



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते पवन सिंह। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लखनऊ पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल (एलपीआईएस) ने खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए श्रद्धा स्पोर्ट्स अकादमी की शुरुआत की। इस अवसर पर श्रद्धा स्पोर्ट्स अकादमी एवं जेबीएम स्पोर्ट्स अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में अंडर-19 इंटर-स्कूल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया गया। यह प्रतियोगिता 6 और 7 मई 2026 को एलपीआईएस, लखनऊ-अयोध्या हाईवे (बड़ेल) स्थित मैदान में आयोजित की जा रही है, जिसमें बाराबंकी के विभिन्न विद्यालय बाबा गुरुकुल, आनंद भवन, सैनिक पब्लिक स्कूल, शिवराम सिंह इंटर कॉलेज व एलपीआईएस ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन बाराबंकी वॉलीबॉल संघ के सचिव पवन सिंह एवं विद्यालय की प्रिंसिपल शालिनी तिवारी ने किया। आयोजकों के अनुसार 6 मई को लीग मुकाबले जबकि 7 मई को सेमीफाइनल व फाइनल मैच खेले जाएंगे। अंत में आयोजकों ने सभी प्रतिभागी स्कूलों, खिलाड़ियों व सहयोगियों का आभार जताया। श्रद्धा स्पोर्ट्स अकादमी का उद्देश्य जिले में उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती को लेकर व्यापार संगठन ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन



एडीएम को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन ने जिला चिकित्सालय में हृदय रोग विशेषज्ञ की तैनाती की मांग को लेकर गुरुवार को जिला अपर अधिकारी निरंकार सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष इंजी. जयदीप सिंह सिद्धू की अध्यक्षता में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि जिला चिकित्सालय में पिछले दो वर्षों से हृदय रोग विशेषज्ञ का पद रिक्त है, जिससे मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन ने शीघ्र विशेषज्ञ डॉक्टर की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की। इस मौके पर जिला महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी अमरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, जिला विधिक सलाहकार ऋषि कालरा, जिला मंत्री जनमेजय गुप्ता, जिला प्रवक्ता अमित सचदेवा, शहर अध्यक्ष मुन्नू लाल चौरसिया, जिला मंत्री/शहर संयोजक अतुल गुप्ता तथा शहर महामंत्री मुकेश त्रिवेदी उपस्थित रहे।

# नियमों के उल्लंघन पर सीज करें स्कूल वाहन

- डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर अयोध्या ने की समीक्षा बैठक

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** उप संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय में उप परिवहन आयुक्त अयोध्या राजकुमार सिंह ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं जनपद में स्कूली वाहनों पर अब तक की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की।

समीक्षा के दौरान उन्होंने यूपी इंटीग्रेटेड स्कूली व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल पर दर्ज वाहन दस्तावेज, चालक लाइसेंस, पुलिस सत्यापन, स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, जीपीएस एवं सीसीटीवी जैसी सुविधाओं की स्थिति को देखा। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूली वाहनों के विरुद्ध सख्ती से चेकिंग अभियान चलाकर नियमों के उल्लंघन पर वाहनों को सीज किया जाए। उप परिवहन आयुक्त ने प्रवर्तन टीम को निर्देशित किया कि सभी विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य स्कूली वाहनों के सुरक्षा मानकों, फिटनेस, परमिट एवं शासन द्वारा विकसित पोर्टल पर 100 प्रतिशत डेटा अपलोड कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रत्येक प्रवर्तन टीम को तीन-तीन ब्लॉकों की जिम्मेदारी सौंपते हुए स्कूलों में जाकर जांच करने तथा अनियमितता मिलने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी अंकिता शुक्ला, यात्री मालकर अधिकारी रवि चंद्र त्यागी, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवत सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## नहर में मिला लापता सफाईकर्मी का शव

**बाराबंकी: अमृत विचार :** तीन दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता फतेहपुर नगर पंचायत के आउटसोर्सिंग सफाईकर्मी का शव बदोसरांय थाना क्षेत्र में नहर से बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नगर के मोहल्ला ब्राहम्णी टोला दो निवासी राजन बाल्मीकि का बेटा चन्दन बाल्मीकि (19) नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत था। 3 मई को वह बाइक से काम पर जाने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। तलाश करने पर उसकी बाइक छावनी मंदिर के पास देवखरिया माइनर नहर की पटरी पर खड़ी मिली। बाइक की डिग्गी में उसके कपड़े थे, पास में ही लाल रंग की चप्पल भी पड़ी मिली। जबकि मोबाइल गायब था।

# शिव प्रकाश अध्यक्ष, कमलापति महामंत्री

- रामनगर तहसील बार एसोसिएशन चुनाव के नतीजे घोषित



शिव प्रसाद अवस्थी अध्यक्ष।



कमलापति तिवारी महामंत्री।



देवकली प्रसाद रावत उपाध्यक्ष तृतीय।

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी एवं महामंत्री पद पर कमला पति तिवारी विजयी घोषित किए गए, जबकि उपाध्यक्ष तृतीय पद पर देवकली प्रसाद ने जीत दर्ज की। बुधवार को हुए मतदान में 137 में से 136 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ, जिसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए।

चुनाव अधिकारी राकेश कांत मिश्रा के अनुसार अध्यक्ष पद पर शिव प्रकाश अवस्थी को 84 मत मिले, जबकि मान सिंह को 48 मत प्राप्त हुए, इस प्रकार अवस्थी 36 मतों से विजयी रहे। महामंत्री पद पर कमला पति तिवारी को 67 मत मिले, जबकि सुरेश कुमार त्रिपाठी को 37 और आनंद कुमार सिंह को 30 मत प्राप्त हुए। तिवारी ने 30 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उपाध्यक्ष तृतीय पद पर देवकली प्रसाद को 82 मत मिले, जबकि पुनीत कुमार को 53 मत मिले, जिससे वे 29 मतों से विजयी रहे। इससे पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बी.डी. खान, उपाध्यक्ष प्रथम पर गिरजेश कुमार, उपाध्यक्ष द्वितीय पर चैतन्य नारायण, संयुक्त मंत्री प्रशासन पद पर अरुण कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय पद पर हंसराज तथा कोषाध्यक्ष पद पर गुरुदेव मिश्र निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सदस्य वरिष्ठ एवं कनिष्ठ पदों पर राम कुमार मिश्रा, बृजेश कुमार पाण्डेय, अरविन्द कुमार तिवारी, ललित कुमार त्रिपाठी, महेश कुमार सिंह व चन्दनमणि तिवारी का भी निर्विरोध चयन हुआ। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में एल्डर्स कमेटी के सदस्य राम कुमार सोनी, सुनील सिंह, गौरीशंकर तिवारी एवं मानिक चंद्र ने अहम भूमिका निभाई।

## खंड शिक्षा अधिकारी ने संभाला कार्यभार



खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर का स्वागत करते शिक्षक। ● अमृत विचार

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड सिरौलीगौसपुर के कंपोजिट विद्यालय परसा स्थित खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने कार्यभार ग्रहण किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवागत खंड शिक्षा अधिकारी को शुभकामनाएं दीं। खंड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक को विद्यार्थियों की शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति पूरी निष्ठा से कार्य करना चाहिए। उन्होंने सभी शिक्षकों से अपील की कि वे समर्पण भाव से कार्य करते हुए विकासखंड को शिक्षा के क्षेत्र में जनपद स्तर पर अग्रणी बनाने में योगदान दें। जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि शिक्षक शासन एवं सरकार की मंशा के अनुरूप अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में शिवाजी मिश्र, विजय सिंह यादव, सौरभ वर्मा, निधि राज, अर्शिया खातून, संगीता तिवारी, धर्मराज, संतोष कुमार, आनंद प्रकाश, उदय प्रताप सिंह, मो. इरफान, पूनम वर्मा, पूजा गुप्ता, शबीना इब्राहिम, प्रिया शुक्ला, नीलेश तिवारी, सिद्धार्थ शुक्ला, निदेश वर्मा, पवन मिश्रा, मंजू, विनीता कुमारी, सुनील दत्त शुक्ला, अमर दीप, आकाश वर्मा, राकेश कुमार सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



सम्मानित किये गए मेधावियों के साथ अतिथि। ● अमृत विचार

## रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज में दसवीं व बारहवीं के मेधावी सम्मानित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील मुख्यालय स्थित रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज में बुधवार को मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में विद्यालय स्तर पर दस मेधावियों में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल, फूलमाला, प्रतीक चिन्ह व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं उनके अभिभावकों को भी माला व मिष्ठान्न देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित छात्र-छात्राओं में इंटरमीडिएटके प्रिंस प्रभाकर, वशू मिश्रा, हिमांशी सिंह, अनुष्का चौहान, वैभव मिश्रा, कृतिका शर्मा, कुश राजपूत, आयुषी सिंह, नैन्सी सिंह, मानसी यादव, रुचि रावत, रिद्धिमा मिश्रा, चंद्रभान विश्वकर्मा शामिल रहे। जबकि हाईस्कूल की गहना मिश्रा, अनन्या गुप्ता, अर्जुन मिश्रा, अभिनव मौर्या, आदित्या कुमारी, वैष्णवी सिंह, शिवानी, तनु, अंशुमान, अंशिका सिंह, साक्षी सिंह, आर्यज त्रिपाठी, कुशाग्र श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता कमलेश बक्स सिंह ने कहानी के माध्यम से छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि वर्तमान अवस्था में संस्कार, ज्ञान और माता-पिता के आशीर्वाद का विशेष महत्व होता है। विद्यालय के संस्थापक प्रधानाचार्य अखिलेश प्रताप सिंह ने बताया कि 40 वर्षों की शैक्षिक यात्रा अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रबंधक सुनील सिंह, अध्यक्ष महाकाल सिंह, प्रधानाचार्य दिनेश मिश्रा, उप प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र-छात्राएं व शिक्षक उपस्थित रहे।

## 3 तस्करों से 644 ग्राम अफीम बरामद

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना जैदपुर पुलिस ने तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 644 ग्राम अफीम और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रामकरन निवासी काशीपुरवा, यश तिवारी तथा शिवा तिवारी निवासी रमसहाय मजरे काशीपुरवा थाना बदोसरांय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के विरुद्ध थाना जैदपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। बरामद अफीम के साथ घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी कब्जे में लिया गया है। कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनय कुमार सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

# कार्मिकों की देर से उपस्थिति पर डीएम ने जतायी नाराजगी

निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जहांगीराबाद का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर एवं बायोमेट्रिक हाजिरी का परीक्षण किया, जिसमें समयपालन को लेकर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य आशुतोष सिंह सहित आईटीआई जहांगीराबाद, बनीकोडर एवं सिरौलीगौसपुर के कुल 40 से अधिक कार्मिक देरी से उपस्थित पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी से स्पष्टीकरण तलब करने और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों की कम उपस्थिति पर भी असंतोष जताते हुए नियमित एवं समयबद्ध उपस्थिति सुनिश्चित कराने तथा प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी व रोजगारोन्मुख बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर का निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए व टाटा मोटर्स प्रशिक्षण केंद्र का भी अवलोकन किया। उन्होंने उद्योग-समन्वित प्रशिक्षण को मजबूत करने और आधुनिक तकनीकों के बेहतर उपयोग पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षु आईएएस विद्यांशु शेखर झा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यायिक कार्यों में पुलिस स्तर पर न हो देरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में समस्त थानों के कोर्ट पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर के साथ गोष्ठी कर दिशा-निर्देश दिये गये। संयुक्त निदेशक अभियोजन नागेश दीक्षित व एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी द्वारा पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में समस्त पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिरों के साथ गोष्ठी की। पैरोकारों व कोर्ट मोहर्रिरों को गंभीर अपराधों जैसे हत्या, पॉक्सो, महिला अपराध और गैंगस्टर एक्ट में प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाई जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया इसके लिए न्यायालय और थाने के बीच बेहतर सामंजस्य, समय पर सम्मन-वारंट की तामीली और कमजोर गवाहों की काउंसलिंग करने पर जोर दिया गया ताकि साक्ष्यों के अभाव में अपराधी बच न सकें। हिदायत दी गई कि न्यायिक कार्यों में पुलिस स्तर पर कोई देरी न हो।




रैली को हरी झंडी दिखातीं जनपद न्यायाधीश। ● अमृत विचार

## राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार को कार रैली रवाना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** 9 मई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार के लिए गुरुवार को जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव ने जनपद न्यायालय परिसर से विभागीय कार रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उज्ज्वल उपाध्याय ने बताया कि यह कार रैली जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमजन को राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देगी तथा सुलह-समझौते के माध्यम से मुकदमों के शीघ्र निस्तारण के लाभों के प्रति जागरूक करेगी। उन्होंने बताया कि बैंक ऋण वसूली, न्यायालय में लंबित सुलह योग्य वाद, वैवाहिक विवाद एवं अन्य विभागीय मामलों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किया जाता है, जिससे समय व धन की बचत होती है। इसके बाद शाम 4 बजे जनपद न्यायालय में जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता तथा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी न्यायिक अधिकारियों को अधिक से अधिक वाद चिन्हित कर उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए, जिससे आगामी लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

आंदोलन | लेखाधिकारी के आश्वासन पर हुआ समाप्त

# मांगों के समर्थन में शिक्षक संगठनों का धरना

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** जनपद में लंबित शिक्षक समस्याओं को लेकर विभिन्न शिक्षक संगठनों ने गुरुवार को वित्त एवं लेखाधिकारी (बेसिक) कार्यालय पर एकजुट होकर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। धरने में जिलेभर से बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लेकर अपनी मांगों को लेकर प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई।

धरने के दौरान शिक्षकों ने चयन वेतनमान के समय से भुगतान, जीपीएफ लेखा पर्ची जारी करने तथा मानक के अनुसार अग्रिम आयकर कटौती सुनिश्चित करने की प्रमुख मांगें उठाईं। इस अवसर पर यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व मा.) शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार वर्मा सहित राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, प्राथमिक शिक्षक संघ और विशिष्ट बीटीसी संघ के पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।



वित्त एवं लेखाधिकारी को शिक्षकों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपते शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

बता दें कि यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) द्वारा 6 मई को धरने की घोषणा पूर्व में की गई थी, जबकि जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ ने भी चयन वेतनमान, जीपीएफ पर्ची और आयकर कटौती को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

धरने के बाद वित्त एवं लेखाधिकारी संतोष कुमार मौर्या द्वारा समस्याओं के जल्द निस्तारण का आश्वासन दिए जाने पर शिक्षक संगठनों ने आंदोलन समाप्त कर दिया। हालांकि संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू किया जाएगा।

## 13 युवाओं ने स्वरोजगार के लिए किया आवेदन

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक सभागार मसौली में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शिविर में कुल 13 युवाओं ने स्वरोजगार एवं व्यवसाय शुरू करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण आवेदन प्रस्तुत किए। सभी योग्य आवेदनों को आगे की प्रक्रिया हेतु संबंधित बैंकों को भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि योजना का उद्देश्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर रवि सिंह, प्रज्ञा यादव, शिवम, सूरज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## समय पर चुनाव न होने पर ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** ग्राम प्रधान संघ के बैनर तले बुधवार को ब्लॉक प्रमुख मसौली रईस आलम एवं संघ अध्यक्ष सोमनाथ राजपूत की अगुवाई में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में समय पर पंचायत चुनाव न होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश में पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 तथा क्षेत्र पंचायत का कार्यकाल 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों में भी ऐसी स्थिति में कार्यकाल बढ़ाया गया था। इस मौके पर ग्राम प्रधान अनिल कुमार वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, मुईन अंसारी, उमाकांत वर्मा, नूर मोहम्मद, मो. आलम, राम प्रसाद, दिनेश कुमार, सुरेश चंद्र वर्मा, रंजीत कुमार, अजय कुमार वर्मा, बलजीत, नईम कुरैशी सहित कई प्रधान मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**हरदोई, अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में बुधवार को चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने अविवादित वरासत के प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे मामलों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी की प्रक्रिया को निर्धारित समयसीमा में तेजी से आगे बढ़ाया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि अधिकारियों द्वारा अविवादित वरासत से संबंधित आंकड़ों का स्पष्ट एवं व्यवस्थित विवरण प्रस्तुत नहीं किया गया है। कहा कि अगली बैठक में पुन: तैयारी के साथ सटीक व अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराएं। कहा कि कोई भी चकबंदी वाद 5 वर्ष से अधिक समय तक लंबित नही रहना चाहिए। बैठक में ज्वाइंट मजिस्टेट संस्कृति त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, एसओसी चकबंदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहं।

# कपड़ा कारोबारी के बेटे का हत्यारोपी मुठभेड़ में ढेर

## एसओजी प्रभारी के भी लगी गोली, 7 साल के बच्चे को अगवा कर मांगी थी 7 लाख रुपये की फिरौती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मेले देखने गए कपड़ा कारोबारी के बेटे को अगवा कर 7 लाख की फिरौती मांगने और उसी बीच उसकी बेरहमी से हत्या कर शव दफनाने वाला बदमाश पुलिस से हुई मुठभेड़ में ढेर हो गया। उस पर 50 हज़ार रुपये का ईनाम रखा गया था। मुठभेड़ के दौरान एसओजी प्रभारी राजेश कुमार भी गोली लगी जिससे वह घायल हो गए। खास बात है कि बच्चे के शव का अंतिम संस्कार भी नहीं हुआ था, उससे पहले ही पुलिस ने बदमाश की करनी का सारा हिसाब-किताब बराबर कर दिया।

बताते चलें कि मंगलवार को मल्लावां कोतवाली के मटियामऊ से कुछ दूर अरमान पुत्र सलमान के मक्का के खेत में दफन किए गए कपड़ा कारोबारी हाजी अकील खां के अगवा किए गए बेटे अबु स्वालेह का शव बरामद किया गया था। अबु स्वालेह 1 मई को 20 रुपये लेकर गांव में लगे मेले में झूला झूलने गया था। उसके बाद से लापता हो गया था। अगले दिन उसकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। उसी बीच 3 मई को अबु स्वालेह के परिजन को फोन कर बदमाशों ने सिम और की-पैड मोबाइल की मांगते करते हुए उसे कानपुर के रावतपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचाने को कहा। उसके कुछ ही देर बाद दूसरी फोन कर बच्चे की सकुशल रिहाई के लिए 7 लाख रुपये की फिरौती मांगी। पुलिस जिस नंबर से कॉल आई थी, उसे ट्रेस करते हुए उसने मंगलवार को बच्चे का शव कर हत्यारे को ढूंढने लगी। पुलिस महानिरीक्षक ने बदमाश पर 50 हज़ार का ईनाम रख दिया। पुलिस ने अबु स्वालेह का हत्यारे मैनूर उर्फ वह नूर उर्फ मेहनुद्दीन पुत्र मुईन निवासी रौरा निस्तौली थाना ठठिया ज़िला कन्नौज को रात में ही पकड़ लिया। उससे पूछताछ हो रही थी, तभी वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। पुलिस के पीछा करने पर उसने गोली चला दी, जो एसओजी प्रभारी राजेश कुमार के जा लगी, बचाव में पुलिस की तरफ से चलाई गई गोली सीने में लगते ही वह गिर पड़ा। उसे सीएचसी मल्लावां से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। जबकि एसओजी प्रभारी का इलाज चल रहा है।


मुठभेड़ में मारे गए बदमाश के बारे में अस्पताल के डाक्टर से जानकारी लेते एसपी।

### पड़ोसी जिलों की पुलिस को थी तलाश

**हरदोई।** मुठभेड़ में मार गिराए गए बच्चे को अगवा कर उसके 50 हज़ार के ईनामी बदमाश मेनूर उर्फ शहनूर उर्फ मेहनुद्दीन की पड़ोसी जिलों की पुलिस ढूंढ रही थी, जहां उसके खिलाफ करीब 12 मामले दर्ज है। उसके बारे में ऐसा भी कहा जा रहा है कि वह अपना नाम बदल-बदल पुलिस को चकमा देते हुए घूम रहा था।

### गुमराह करने के लिए मांगी थी फिरौती

कपड़ा कारोबारी के बेटे अबु स्वालेह की अगवा करने के बाद कुकर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी, ऐसा पुलिस का कहना है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि उसने चोरी की सिम से फिरौती मांग कर पुलिस और परिजनों को गुमराह किया था, जबकि वह पहले ही वारदात को अंजाम दे चुका था। पुलिस को पहले ही पता चल चुका था कि मैनेजर उर्फ शहनूर उर्फ मेहनुद्दीन अपने साथियों के मटियामऊ मेले में पहुंचा और वहीं से उसने वारदात की साजिश रची थी।


घायल एसओजी प्रभारी का हाल जानते एसपी अशोक कुमार मीणा।

### दीवार गिरने से बुजुर्ग महिला की मौत

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार :** शौच के दौरान गिरी दीवार के मलबे में दबकर एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पचदेवरा थाना क्षेत्र साहबजापुर मजरा कमालपुर गांव निवासी महारानी (65) पत्नी बृजपाल बुधवार सुबह शौच के लिए घर के बाहर गई थी। तभी पड़ोसी के मकान की दीवार भरभराकर गिर पड़ी। जिसके मलबे में वह दब गई। परिजनों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़ पड़े। परिजनों ने ग्रामीणों को बताया कि उक्त मलबे में महारानी दबी हुई है ग्रामीणों ने काफी देर प्रयास के बाद मिट्टी का मलबा हटाया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकीं थीं। पचदेवरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


महारानी की फाइल फोटो।

# सर्राफा कारोबारी लूटकांड में एक और ईनामी गिरफ्तार, मुठभेड़ में लगी गोली

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सर्राफा कारोबारी के साथ हुई लूट में शामिल 25 हजार के ईनामी को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ लिया। उसके पास से लूटे गए जेवर बरामद हुए हैं। 3 अप्रैल को हुई वारदात के बाद एसपी ने एक्शन लेते हुए लुटेरों को पकड़ने के लिए एएसपी पश्चिमी, सीओ हरियावां व सीओ सिटी की निगरानी में पुलिस की 6 टीमें लगाईं थीं। इससे पहले 8 अप्रैल को हुई मुठभेड़ में लूट में शामिल 4 लुटेरों को पकड़ कर उनके कब्ज़े से करीब 50 लाख का ज़ेवर बरामद किया जा चुका है।

बताते चलें कि गोपामऊ निवासी सर्राफा कारोबारी सर्वेश कुमार रस्तोगी 3 अप्रैल को दुकान बंद करने के बाद बेटे के साथ बाइक से घर जा रहा था। रास्ते में बाज़ारपुरवा के पास बाइक सवारों ने हमला कर लाखों के ज़ेवर और डेढ़ लाख नकदी लूट ले गए। वारदात के बाद पुलिस की 6 टीमें लुटेरों की खोज में लगी थीं। 8 अप्रैल को मुठभेड़ में 4 लुटेरों को पकड़ा गया और कब्ज़े से करीब 50 लाख का ज़ेवर बरामद किया गया। मंगलवार की देर रात में टड़ियावां थाने के बर्रा तिराहे पर चेकिंग के दौरान सीतापुर की तरफ से आ रहे बाइक सवार ने रुकने का इशारा करने पर पुलिस टीम पर गोली चला दी। जवाब देते हुए पुलिस की तरफ से चली गोली उसके पैर में लगी और वहीं पर गिर पड़ा, पुलिस ने उसे दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से कानों के झुमके, चार अंगूठी, बगैर नंबर की बाइक और तमंचा बरामद किया है। पुलिस में पकड़ा गया लुटेरा सीतापुर ज़िले के बहादुरपुर थाना लहरपुर निवासी प्रियांशु त्रिवेदी पुत्र हरि नारायण बताया गया। उस पर 25 हज़ार का ईनाम था।


मुठभेड़ में घायल आरोपी।

### आंधी में टूटा विद्युत पोल, गांवों में अंधेरा

**भरखनी ,हरदोई, अमृत विचार।** क्षेत्र में सोमवार रात आई तेज आंधी के कारण अनंगपुर पावर हाउस के विबियापुर फीडर पर एक बिजली का खंभा टूट गया। इससे कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे उपभोक्ता परेशान है। यह घटना अनगपुर अल्लाहगंज रोड पर स्थित सहुआपुर गांव के पास हुई। आंधी इतनी तेज थी कि खंभा टूटकर गिर गया, जिससे विद्युत लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। खंभा टूटने से सहुआपुर, नेवादा सेढामऊ, फतेहपुर, बहरामपुर धानी नगला और विवियापुर सहित कई गांवो की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी इन गांवों में बिजली आपूर्ति अभी तक सुचारू नहीं हो पाई है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी सुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# महिला के गले से हार लूटने वाले बदमाश दबोचे

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** सोमवार को अतरौली चौराहे के पास पेट्रोल टंकी पर महिला के गाले से हार लूटने की वारदात का 48 घंटे के अंदर खुलासा हो गया। पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासे के लिए टीम गठित की थी। सीसीटीवी फुटेज और आसपास के लोगों से पूछताछ करते हुए मंगलवार की रात्रि मुखबिर के की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दी। ढिकुन्नी बाजार होते हुये संडीला से अतरौली की तरफ जाने वाले वाहनों की चेंकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध वाहन में सवार लोगों को रोका तो भागने का प्रयास किया।

अतरौली पुलिस ने महगवां रोड के निकट वाहन सवार बदमाशों को घेरा तो पुलिस टीम पर फॉयर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक अभियुक्त इमरान पुत्र शाबिर निवासी ग्राम गोलागंज थाना अतरौली के पैर में गोली लगी। जिसके बाद पुलिस ने इमरान सहित उसके साथ शमीर पुत्र रउफ अली निवासी बिलारा थान अतरौली, मुशीर पुत्र नौशाद निवासी चतरा थाना कछौना, छोटू पुत्र रईश निवासी बिलारा थाना अतरौली को मौके से गिरफ्तार कर लिया। दो अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। मुठभेड़ में दरोगा बलवंत सिंह घायल हो गए। अभियुक्तों के कब्जे से महिला का लूटा गया हार, एक कार, दो तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद किया। घायल अभियुक्त के उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा गया। थाना प्रभारी सतीश चंद्र ने बताया कि अभियुक्त शातिर किस्म के लुटूरे हैं। लूट की वारदात को स्वीकार किया है। अभियुक्तों को न्यायायिक हिरासत के लिए भेज दिया गया है।


मुठभेड़ में गिरफ्तार अभियुक्त। अमृत विचार

### यह थी घटना

बता दें कि बीते सोमवार की सुबह मोनी पत्नी ललित निवासी राधा ग्राम ठाकुरगंज जनपद लखनऊ की अपने चचिया ससुर की बेटी की शादी गोड़वा में थी, वहां से पति और बेटी अनिका, ननद प्रज्ञा के साथ स्कूटी से वापसी कर रही थी, तभी अतरौली चौराहे के पास अतरौली कोथावां रोड स्थित जगदेव फीलिंग स्टेशन पेट्रोल टंकी पर पति पेट्रोल भराने लगा, पत्नी बेटी और ननद के साथ सड़क किनारे खड़ा हो गया, तभी बदमाश गले से हार छीन कर कार से भाग गए। उक्त पीड़ित नें थाने पर तहरीर दी पुलिस अधीक्षक हरदोई के निर्देशन पर टीम गठित करके कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

# युवक ने सुबह के समय कमरा बंद कर लगाई फांसी

**हरदोई, अमृत विचार।** कमरे में रात के समय मोबाइल पर गाना सुनते हुए युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन ने उसका शव लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

कोतवाली देहात के आशा नगर निवासी विजय वर्मा के तीन बेटों में सबसे छोटे बेटे 21 वर्षीय शोभित वर्मा ने बुधवार की सुबह कमरे के दरवाज़े बंद गमछे से फांसी लगा ली। पिता विजय वर्मा ने बताया कि वह डीएम चौराहा (स्वर्ण जयंती चौक) पर मूंगफली का ठेला लगाता है। बुधवार की सुबह उसने कमरे में सो रहे शोभित को जगाया और पीछे से उसे आने के लिए कहकर घर से निकल गया। उधर बेटी रंजना वर्मा को मां उर्मिला के साथ स्कूल जाने के लिए उसी कमरे से कुछ चीज़ लेनी थी। कमरा अंदर से बंद था, तो बहन ने रंजना ने शोभित को कई बार आवाज दी लेकिन बंद कमरे के अंदर मोबाइल पर बेवफा सनम का गाना बज रहा था, अन्य कोई आहट नहीं आ रही थी। फोन पर जानकारी मिलने पर घर पहुंचा और किसी तरह कमरे में झांका तो बेटे को फंदे से लटकता पाया। शोभित ने 12वीं तक पढ़ाई करने के बाद पिता के साथ कारोबार में हाथ बंटाता था।


शोभित की फाइल फोटो।

### घर के पास लटका मिला युवक का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** मेहनत-मज़दूरी करने वाला युवक शाम को लापता हो गया। अगली सुबह घर से करीब 500 मीटर दूर उसका शव फांसी पर लटका हुआ देखा गया। हरियावां थाने के लिलवल निवासी बलट्टर (40) पुत्र छोटेलाल मेहनत-मज़दूरी करता था, वह तीन भाइयों में बड़ा था। उसके छोटे भाई सुधीर ने बताया कि बलट्टर मंगलवार की शाम को घर में था, लेकिन उसी बीच कहीं गायब हो गया। रात होने पर भी घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश की जा रही थी। बुधवार की सुबह बलट्टर का शव गांव से पश्चिम करीब 500 मीटर दूर बाग़ में पेड़ में लटका मिला। सुधीर ने कहा कि उसका भाई ऐसा नहीं कर सकता। बलट्टर की पहली पत्नी चली गई थी, उसने दूसरी शादी की जिससे एक बेटा नितिन और दो बेटियां मोहिनी व लाली है।

### पशु क्रूरता में पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**हरदोई, अमृत विचार।** पशु क्रूरता में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना संडीला के मोहल्ला बरौनी अशरफ टोला निवासी सभी पुत्र मोहम्मद वसीम को बस क्रूरता अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। बताते चले गत दिवस एक जानवर के साथ गलत हरकत करने का वीडियो वायरल हुआ था, जिसके बाद क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश था और आरापी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई थी। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र ने पुलिस पर पिटाई का आरोप लगाया

- जमीन के विवाद की शिकायत लेकर चाचा के साथ गौसगंज पुलिस चौकी पहुंचा था युवक

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा छात्र अपने चाचा की शिकायत ले कर पुलिस चौकी पहुंचा, आरोप है कि उसे वहां एक कमरें में ले जा कर न सिर्फ अभद्रता दी गई बल्कि बुरी तरह पिटाई करते हुए झूठे मुकदमें में फंसा कर जेल भेजने तक की धमकी दी गई। प्रतियोगी छात्र ने एसपी से कड़ा एक्शन लेते हुए निष्पक्ष जांच करा कर कार्रवाई की मांग की है।

कासिमपुर थाने के बेहसार निवासी अभय राज वर्मा पुत्र स्व. अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि वह सण्डीला में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हैं। मंगलवार को वह अपने चाचा के साथ हुए ज़मीनी झगड़े की शिकायत लेकर गौसगंज पुलिस चौकी पहुंचा। आरोप है कि वहां पहले से मौजूद उसके चाचा के सामने पुलिस कर्मी अभद्रता करने लगे, जब अभय ने अपनी बात कही तो दो पुलिस कर्मी उसे कमरे में ले गए, जहां उसकी पिटाई की। चौकी प्रभारी पर भी पिटाई करने और आगे शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दी। अभय का कहना है कि उसके खिलाफ पहले से कोई शिकायत या मामला दर्ज नहीं था, इसके बावजूद उसका चालान कर दिया गया।


पीड़ित अभय राज।

### ट्रैक्टर की टक्कर से ढही दीवार मलबे में दबकर बच्चा घायल

**बेनीगंज, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में अनियन्त्रित ट्रैक्टर की टक्कर से दीवार ढह गई, जिसके मलबे में दबने से एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया, गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मंगलवार देर शाम कोतवाली क्षेत्र के महमूदपुर कला निवासी उमेश उर्फ बलमा तेजी से व लापरवाही पूर्वक ट्रैक्टर चला रहा था, अनियंत्रित ट्रैक्टर सतीश के घर के सामने वाली पक्की दीवार से जा टकराया, टक्कर इतनी जोरदार थी कि दीवार भरभरा कर गिर गई, दुर्भाग्य से दीवार के पास ही खेल रहा लगभग ढाई वर्षीय नौनिहाल आश्विक पुत्र सतीश मौर्य मलबे में दब गया। आनन-फानन में परिजनों ने बच्चे को मलबे से निकाला और समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावां ले गए। जहां से डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत रेफर कर दिया, परिजन आश्विक का इलाज संडीला के एक निजी अस्पताल में करा रहे हैं। वहीं जिस ट्रैक्टर से यह हादसा हुआ, उस पर रजिस्ट्रेशन नंबर भी दर्ज नहीं है, ग्रामीणों के मुताबिक ट्रैक्टर गांव के ही धनीराम का है। पीड़ित पिता सतीश ने कोतवाली बेनीगंज में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और ट्रैक्टर को बरामद कर कार्यवाही में जुट गयी है।

# विदाई समारोह में विद्यालय में बिताये समय को यादकर भावुक हुईं छात्राएं

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** आर्य कन्या महाविद्यालय में परास्नातक शिक्षा शास्त्र द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा धन्यवाद समारोह व प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा सीनियर्स के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन व छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम का संचालन एमए प्रथम वर्ष की अंशिका ने किया। अपनी बड़ी बहनों के सम्मान में अंशिका और अन्य छात्राओं ने गीत, भाषण और सुंदर अभिव्यक्तियां प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

प्राचार्या डॉ सुमन वर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि सभी प्राध्यापिकाएं एक माली की भांति इस उद्यान रूपी परिसर के फूलों को नित्य निखारने में लगी हैं और यहां पढ़ाया हुआ अनुशासन का पाठ जीवन को नियंत्रित करना सिखाता है और छात्राओं को उनके भावी जीवन के लिए आशीर्वाद दिया। अंशिका ने कहा कि वे सभी अपनी सीनियर्स को हमेशा उनके सहयोग और प्रेरणा के लिए याद रखेंगी। एमए द्वितीय वर्ष की छात्राएं एमन खान ने गिटार पर सुंदर प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त खदीजा, स्वेक्षा, अदीबा आदि छात्राएं महाविद्यालय में बिताए अपने पलों को साझा करते हुए अत्यंत भावुक हो उठीं। छात्राओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी प्राध्यापिकाओं को भी भाव विह्वल कर दिया। शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ जायरा जैदी ने गीतों व शेरों की लड़ी को तरन्नुम के साथ प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। नीता आर्या ने अपने शुभकामना संदेश में छात्राओं को प्राध्यापिकाओं के लिए नव जीवन और ऊर्जा का स्रोत बताया। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं द्वारा विभागाध्यक्ष डॉ सुमन वर्मा को एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस प्रकार आर्य कन्या महाविद्यालय में एम ए शिक्षाशास्त्र के प्रथम बैच का धन्यवाद/विदाई समारोह सुंदर यादों के साथ संपन्न हुआ, जिसमें महाविद्यालय की सभी प्राध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।


प्राचार्य डा. सुमन वर्मा को स्मृति चिन्ह प्रदान करतीं अध्यापिकाएं व मौजूद सीनियर्स छात्राएं। अमृत विचार

**जीत की खुशी** | पश्चिम बंगाल में भाजपा को मिली ऐतिहासिक जीत पर पिहानी में मनाया गया जश्न

# जनविश्वास से मिली ऐतिहासिक जीत : श्याम प्रकाश

संवाददाता, पिहानी, हरदोई

**अमृत विचार।** पश्चिम बंगाल चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत की खबर मिलते ही पिहानी नगर में उत्साह की लहर दौड़ गई। पिहानी स्थित भाजपा कार्यालय पर भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया, जहां क्षेत्रीय विधायक श्याम प्रकाश एवं जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी और भारत माता की जय व वंदे मातरम् के नारे लगाये। विधायक ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा की नीतियों, सुशासन और विकास कार्यों पर विश्वास जताया है। यह जीत देश की सकारात्मक सोच और मजबूत नेतृत्व की जीत है। वह पिहानी क्षेत्र की जनता का भी आभार व्यक्त करते हैं, जिन्होंने हमेशा पार्टी का समर्थन किया और संगठन को मजबूती दी। कहा कि सरकार जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास की गति को और तेज करेगी। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है और जनता का विश्वास ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इसी ऊर्जा और समर्पण के साथ जनता के बीच रहकर पार्टी की नीतियों को पहुंचाएं। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की मेहनत, संगठन की मजबूती और जनता के भरोसे का परिणाम है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष गौरव गुप्ता, धर्मेश मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार राजन शुक्ला, पियूष शुक्ला, संजू शुक्ला, प्रदीप अवस्थी, विपिन मिश्रा डॉ उस्मान खान सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यक्रम में बोलते विधायक श्याम प्रकाश। अमृत विचार

### आमने-सामने टकराईं बाइक, दो की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम रोड पर दो बाइक आमने-सामने टकरा गईं, जिसमें एक युवक और दूसरे अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। बिलग्राम रोड पर फर्दापुर और कुतुआपुर के बीच कोतवाली शहर की मढ़िया पुलिया पर आमने-सामने आ रहीं बाइक आपस में टकरा गई, जिसमें रमेश शर्मा (50) निवासी लक्ष्मी पुरवा सक्सेना वाली गली कोतवाली शहर और दूसरी बाइक सवार 24 वर्षीय धीरज चौरसिया पुत्र रामविलास निवासी गोंदहइया मजरा खजुरहरा रखना सुरसा की मौत हो गई। जबकि रमेश की बाइक पर सवार उसकी पत्नी घायल हो गई। सदमे में वह कुछ बोल नहीं पा रही थी।

# हरदोई में हो प्रमुख ट्रेनों का ठहराव

- मुरादाबाद मंडल की डीआरयूसीसी के सदस्य नवीन अग्रवाल ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर पिछले दिनों स्थानीय मुद्दों को लेकर एक अहम पहल देखने को मिली, जब मुरादाबाद मंडल की डीआरयूसीसी के सदस्य नवीन अग्रवाल स्थानीय नागरिकों के साथ स्टेशन पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेशन अधीक्षक नरसी लाल मीणा और वाणिज्य निरीक्षक अंबुज मिश्रा को रेल मंत्री के नाम संबोधित एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हरदोई स्टेशन और जनपद के समग्र रेल विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगें उठाई गईं। नवीन अग्रवाल ने अपने मांग पत्र में हरदोई से गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के विस्तार और उसे फोर लेन (चार लाइन) किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उनका कहना था कि बढ़ते यातायात दबाव और यात्रियों की संख्या को देखते हुए मौजूदा रेलवे ढांचा पर्याप्त नहीं रह गया है। ऐसे में शाहजहांपुर-हरदोई-लखनऊ रेलखंड को चार लाइनों में विकसित किया जाना जरूरी है, ताकि ट्रेनों का संचालन सुचारु रूप से हो सके। ज्ञापन में हरदोई स्टेशन पर आधुनिक और प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। इसमें विशेष रूप से वंदे भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनों का स्टॉपेज दिए जाने का आग्रह किया गया है।

### हरदोई को बड़े स्टेशनों से जोड़ने की मांग

**हरदोई।** नवीन अग्रवाल ने कहा कि इन ट्रेनों के ठहराव से न केवल यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी, बल्कि हरदोई की देश के बड़े शहरों से सीधी कनेक्टिविटी भी मजबूत होगी। उन्होंने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि जनपद हरदोई तेजी से औद्योगिक क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। कई बड़ी कंपनियां यहां अपने प्लांट स्थापित कर रही हैं या करने की प्रक्रिया में हैं। ऐसे में बेहतर और तेज परिवहन सुविधाएं समय की मांग बन चुकी हैं। रेल नेटवर्क के सुदृढ़ होने से उद्योगों को भी सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी। सभी ने हरदोई के रेल ढांचे को मजबूत करने की मांग को उचित ठहराया।

न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से चौकीदार की मौत

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र के बड़ा सहुआपुर निवासी एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक धनपाल (35) चौराहे पर चौकीदारी का काम करता था। देर रात ड्यूटी के दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी और चालक मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल धनपाल को परिजनों ने आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### माटीकला पुरस्कार के लिए 15 मई तक करें आवेदन

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में संचालित मंडल स्तरीय माटीकला पुरस्कार योजना के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि जनपद के निपुण माटीशिल्पी और कारीगर आगामी 15 मई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयनित होने वाले कारीगरों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार के लिए 12,000 रुपये और तृतीय पुरस्कार के लिए 10,000 रुपये की धनराशि का चेक व प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। चयन विशेषज्ञों की त्रि-सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा। इच्छुक कारीगर upmatikalaboard.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

**सीतापुर।** शहर कोतवाली पुलिस ने वाहन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक अंतरजनपदीय चोर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ सीतापुर और लखनऊ के विभिन्न थानों में चोरी और मारपीट के आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। सीओ प्रकाश कूपर के अनुसार, पकड़े गए ऑटोलिफ्टर पवन पुत्र भगवानदीन निवासी बिजौली, पिसावां ने बीती 27 अप्रैल को चुंगी चौराहे पर पीएनबी बैंक के सामने से एक मोटरसाइकिल चोरी की थी।

### हनुमान मंदिर पर जवाबी कीर्तन का आयोजन

**बिसवां।** नगर के प्राचीन व बड़े हनुमान मंदिर में विशाल जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक निर्मल वर्मा और वरिष्ठ भाजपा नेता कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने हनुमान जी की आरती उतारकर किया। जवाबी कीर्तन में प्रयागराज के कीर्तनकार रंजीत राज और मध्य प्रदेश की प्रसिद्ध कीर्तनकार नीलम के बीच जोरदार मुकाबला हुआ। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु और नागरिक मौजूद रहे।

### मंत्री ने किया डेबर घाट पुल का निरीक्षण

**तंबौर।** केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने क्षेत्र का दौरा किया। उन्होंने सबसे पहले बहुप्रतीक्षित डेबर घाट पुल का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति देखी। पुल निरीक्षण के उपरांत राज्यमंत्री तंबौर के रेउसा मोड़ पहुंचे, जहां प्रदेश के कारागार मंत्री सुरेश राही और भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 2027 में जीत के लिए पसीना बहाएं: अर्चना

**सीतापुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि बंगाल, असम व पुडुचेरी की जीत उत्साहजनक है, लेकिन हमारा मुख्य लक्ष्य 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में जीत हासिल करना है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कार्यसमिति की प्रस्तावना रखी। कार्यसमिति को सांसद अशोक रावत, विधायक निर्मल वर्मा, आशा मौर्य, रामकृष्ण भार्गव, ज्ञान तिवारी, मनीष रावत, एमएलसी पवन सिंह चौहान, पूर्व विधायक सुनील वर्मा और भरत त्रिपाठी ने भी संबोधित किया।

### बारात स्वागत में कंडे पर डीजल डाला, युवक झुलसा

**सिधौली।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भरथरपुर में देर रात एक वैवाहिक समारोह की खुशियां उस वक्त अफरा-तफरी में बदल गईं, जब द्वारचार के दौरान एक युवक आग की चपेट में आकर झुलस गया। घायल युवक मोहित अवस्थी (22) दुल्हन का चचेरा भाई बताया जा रहा है। बताते हैं कि रात करीब 11 बजे बारातियों के स्वागत द्वारचारकी रस्म चल रही थी। रोशनी के लिए कुछ युवक गोबर के कंडों को जला रहे थे। इसी बीच एक युवक ने जलते कंडे पर जैसे ही डीजल डाला, तो यह हादसा हुआ।

# नैमिष नगरी में बनेगा आधुनिक इंटरप्रिटेशन सेंटर

## परियोजना के लिए 2.98 करोड़ की पहली किस्त विभाग ने की जारी

- ऐसी व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं के लिए रहेंगी बेहतर, रोजगार के भी मिलेंगे अवसर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विकास भी, विरासत भी' के संकल्प के तहत पवित्र तीर्थ स्थल नैमिषारण्य को नया स्वरूप दिया जा रहा है। इस कड़ी में नैमिष स्थित पुरानी धर्मशाला को 3.72 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक 'पिलग्रिम इंटरप्रिटेशन सेंटर' के रूप में विकसित किया जाएगा। शासन ने इस परियोजना के लिए 2.98 करोड़ रुपये की पहली किस्त जारी कर दी है।

जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने बताया कि सेंटर में श्रद्धालुओं को नैमिषारण्य के इतिहास, धार्मिक महत्व और सांस्कृतिक विरासत की विस्तृत जानकारी मिलेगी। भवन के भीतर अलग-अलग थीम पर आधारित गैलरियां बनाई जाएंगी, जिनमें सभ्यता का उदय, महाकाव्य और ज्ञानोदय जैसे विषयों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।


इस तरह से तैयार होगा पिलग्रिम इंटरप्रिटेशन सेंटर।

### मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

परियोजना के तहत परिसर में एम्फीथिएटर, कैफेटेरिया, मूर्तिकला मार्ग और आधुनिक प्रवेश लॉबी का निर्माण होगा। भवन की मूल संरचना को सुरक्षित रखते हुए इसे पारंपरिक स्थापत्य और आधुनिकता के संतुलन के साथ सजाया जाएगा। बाहरी हिस्से में खुली ईंटों की फिनिशिंग और अंदरूनी गलियारों में धार्मिक पेंटिंग्स आकर्षण का केंद्र होंगी।


वर्तमान समय के पौराणिक स्थानों के साथ-साथ नव निर्मित आधुनिक मंदिरों का भी समावेश होगा तो बेहतर रहेगा। बनारस, हरिद्वार आदि तीर्थ स्थलों पर ऐसी प्रस्तुतियां देखी जा सकती हैं। **-गोपाल शास्त्री, पीठाधीश कालीपीठ व प्रधान पुजारी श्री ललिता देवी मंदिर**


अगर एक ही छत के नीचे पुराणों से जुड़ी स्मृतियां व अन्य साक्ष्य साझा किये जाएंगे तो उससे श्रद्धालु को लाभ मिलेगा, साथ ही स्थानीय स्तर पर तैयार किये गए गाइड को रोजगार मिलेगा। धनअर्जन के साधन खुलेंगे। **महंत विवेक शास्त्री, श्री महाकाली महाकाल मंशा देवी मंदिर**

### सीडीपीओ ने किया विद्यालय का निरीक्षण, व्यवस्था को सराहा

**गोंदलामऊ।** बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ ने विकासखंड संदना के उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिलरा का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक और भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। करीब एक घंटे तक चले निरीक्षण में सीडीपीओ ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से हिंदी, गणित व विज्ञान के सवाल पूछे। बच्चों के सटीक जवाबों पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने मध्यान्ह भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता जांचने के लिए बच्चों के साथ बैठकर भोजन चखा और मेन्यू के पालन पर संतोष जताया। परिसर में साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल और शौचालय की व्यवस्थाएं भी दुरुस्त पाई गईं। सीडीपीओ ने अभिलेखों के रख-रखाव और अनुशासन को लेकर प्रधानाचार्य दिव्य प्रकाश के कुशल नेतृत्व व शिक्षकों के समर्पण की विशेष सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी से आने वाले बच्चों के बेहतर समन्वय के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।


कार्यक्रम के दौरान स्मार्टफोन लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। अमृत विचार

### गोंदलामऊ में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बंटे स्मार्टफोन

**संवाददाता, गोंदलामऊ। अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना कार्यालय में शासन की मंशानुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इन मोबाइल फोन के जरिए अब विभाग और केंद्रों की समस्त महत्वपूर्ण जानकारियां सीधे शासन तक पहुंचाई जा सकेंगी। बाल विकास परियोजना अधिकारी सीडीपीओ अजीत वर्मा ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र के कुल 203 आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि इन फोन्स के माध्यम से केंद्रों पर पंजीकृत बच्चों का डाटा, पोषण ट्रैकर और टीकाकरण से संबंधित समस्त जानकारी समय पर अपडेट की जाएगी। परियोजना अधिकारी ने मॉनिटरिंग के लिए मुख्य सेविका सत्या अवस्थी, सरिता सिंह, अनीता यादव, भावना राणा, निर्मला जगपांगी, शैलेन्द्री कनौजिया और सुभाषिनी यादव को विशेष निर्देश दिए हैं।

# हीटवेव से बचाव की तैयारियां परखीं

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 'हीटवेव' (लू) के प्रभावों को कम करने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक की। स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों और बस स्टैंडों पर छाया व पेयजल के पर्याप्त प्रबंध किए जाएं।

डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पेयजल की समस्या को दूर करने के लिए खराब हैंडपंपों को तत्काल रिबोर कराने के निर्देश दिए। साथ ही बीडीओ को निर्देशित किया कि पशु-पक्षियों के लिए तालाबों व पोखरों में पानी भरवाना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।



हीटवेव को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर.।

**अग्निशमन विभाग को फायर ऑडिट के निर्देश :** अग्निशमन विभाग को अस्पतालों, होटलों और सरकारी कार्यालयों का तत्काल 'फायर सेफ्टी ऑडिट' करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को आशा और एएनएम के माध्यम से घर-घर ओआरएस पैकेट वितरित करने को कहा गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**बिसवां।** थाना सदरपुर क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव में सड़क किनारे खड़े एक युवक को अज्ञात चार पहिया वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जहांगीराबाद निवासी सुरेश पुत्र स्व. लाला सड़क के किनारे खड़ा था, तभी एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सुरेश गंभीर रूप से घायल होकर वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने उसे एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सुरेश अपने पुत्र के बाल कटवाने के लिए बाजार आया था, तभी यह हादसा हो गया।

### महमूदाबाद में बेची गई ट्रस्ट की भूमि, हुआ विरोध

**सीतापुर।** महमूदाबाद स्थित ट्रस्ट की जमीन को उदासीन संगत ट्रस्ट के अध्यक्ष द्वारा बेंच दिया गया। दो अधिवक्तों की उपस्थिति में महंत से सुख समृद्धि अल्फा प्राइवेट लिमिटेड फर्म के नाम बैनामा कराया गया है। संपत्ति के बिकने की सूचना पर सोशल मीडिया पर लाइव आकर भाजपा विधायक आशा मौर्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र वर्मा, सपा नेता शिवेंद्र यादव ने विरोध जताया है।

उप निबंधक सपना वर्मा का कहना है कि संबंधित भूमि के बैनामे की प्रक्रिया न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में संपन्न कराई गई है। समस्त दस्तावेजों की जांच के बाद ही उप निबंधक कार्यालय में रजिस्ट्री की गई। यदि किसी पक्ष को आपत्ति है तो वह सक्षम न्यायालय में अपनी बात रख सकता है।

# मिलीं खामियां, एएनएम पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने महोली विकास खंड के उरदौली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर और प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए एएनएम के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. अनूप श्रीवास्तव और बीएसए अखिलेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।

वही, डीएम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में वीएचएसएनडी सत्र की जांच की। एएनएम मधु के पास मौजूद एचआरपी रजिस्टर पिछले चार महीनों से अपडेट नहीं मिलने पर डीएम ने उनके विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने पर आंगनबाड़ी सहायिका मनोरमा और आशा कार्यकत्री किरन को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वयं गर्भवती महिलाओं को फोन कर उपचार का फीडबैक भी लिया।


आयुष्मान आरोग्य शिविर में रजिस्टर चेक करते डीएम। अमृत विचार

### गुणवत्ता को परखा

इसके बाद जिलाधिकारी प्राथमिक विद्यालय उरदौली प्रथम पहुंचे। उन्होंने रसोई घर का निरीक्षण कर बच्चों के लिए बने भोजन की गुणवत्ता जांची और रसोइयों को मैन्यू के अनुसार सफाई से खाना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कक्षा-1 के बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर उनकी शैक्षणिक प्रगति देखी और निपुण तालिका रजिस्टर का अवलोकन किया।

### युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता, 15 पर केस

**लहरपुर।** नगर में अपनी ससुराल आए एक युवक के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित भाई की तहरीर पर पत्नी समेत 15 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला शेख सराय निवासी अताउर्रहमान ने पुलिस को बताया कि उसके भाई अर्कानूर रहमान का निकाह करीब दो वर्ष पूर्व जबरन सीमा बानो से कराया गया था। विदाई न होने पर महिला थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ था। आरोप है कि विपक्षी लगातार भाई को फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे थे। परिजनों का आरोप है कि उन्हें फोन पर धमकी दी गई कि अर्कानूर को इतना प्रताड़ित किया गया है कि वह शारदा नहर में डूबने गया है।

### नाली निर्माण में धांधली का आरोप, एसडीएम को ज्ञापन

**लहरपुर।** स्थानीय नगर पालिका परिषद में शासन द्वारा नामित सदस्यों ने भाजपा जिला मंत्री मनोज गुप्ता के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भाजपा जिला मंत्री के साथ नामित सदस्य संजीव शुक्ला, देवेश अवस्थी, सोनू रस्तोगी, उमेश मेहरोत्रा व विनीत गुप्ता ने आरोप लगाया कि मोहल्ला पटकी टोला में नाली का निर्माण कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती जा रही है। इस अवसर पर नगर महामंत्री भाजपा धर्मेंद्र पांडे भी उपस्थित रहे।

### लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए कलेक्ट्रेट में महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। अपर जिला जज कोर्ट संख्या-04 एवं लोक अदालत के नोडल अधिकारी विजय कुमार आजाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राजस्व, पुलिस और विकास विभाग के अधिकारियों के साथ रणनीति तैयार की गई। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक यादव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर उनके निस्तारण का लक्ष्य पूरा करें। पुलिस विभाग के नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लोक अदालत से संबंधित नोटिसों का शत-प्रतिशत तामीला सुनिश्चित कराएं, ताकि अधिक से अधिक पक्षकार उपस्थित होकर अपने मामलों का समझौता करा सकें।

### ज्येष्ठ माह में जगह-जगह भंडारे, लगे जयकारे


भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

**बिसवां/सीतापुर।** ज्येष्ठ माह के आरंभ होते ही नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति का उल्लास देखने को मिला। जगह-जगह भक्तों द्वारा भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। बिसवां कस्बे के बड़े चौराहे पर ओम हनु जन कल्याण समिति द्वारा 26वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। देर शाम तक चले इस भंडारे में श्रद्धालुओं को पूड़ी-छोले, हलवा और चावल का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान अश्वनी त्रिपाठी, अभिषेक अग्रवाल, अमित चंद्रसेठ, राधा रमन रस्तोगी, बिंदु गुप्ता, मोनू त्रिपाठी, सानू रस्तोगी व रॉकी अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद के स्वागत के दौरान उपस्थित कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही व अन्य। अमृत विचार

### बंगाल और असम में हुई लोकतंत्र की जीत: जितिन

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी के केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि बंगाल और असम में हुई जीत लोकतंत्र की जीत है। बंगाल में अब व्यापार और अन्य क्षेत्रों में सार्थक बदलाव देखने को मिलेंगे। जीत के लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता बधाई का पात्र है। केंद्रीय मंत्री बुधवार को सीतापुर में निजी कार्यक्रमों में शामिल हुए। बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि बंगाल में लोकतंत्र जीता, सत्य की जीत हुई। इसमें एक-एक कार्यकर्ता बधाई का पात्र है। एक जुटता के सहारे ही दोनों प्रदेशों में जीत हासिल हो सकी। उन्होंने कहा कि जल्द ही प्रदेशों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। उधर, केंद्रीय मंत्री का शहरी सीमा से लेकर जनपद के कई स्थानों पर स्वागत हुआ। इस दौरान कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व विधायक सुनील वर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता व अन्य उपस्थित रहे।

### अन्तर्जनपदीय तैराकी एवं क्रॉसकन्ट्री प्रतियोगिता संपन्न

**सीतापुर।** लखनऊ जोन की 64वीं अन्तर्जनपदीय एक्वॉटिक क्लस्टर तैराकी एवं क्रॉसकन्ट्री प्रतियोगिता-2026 का औपचारिक समापन हो गया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता का समापन अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। 04 मई से 06 मई तक आयोजित इस प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के 06 जनपदों से आए 36 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन अवसर पर परिणामों की घोषणा करते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा सहित पुलिस विभाग के कई अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रतियोगिता के मुख्य परिणाम:** ■ **पुरुष तैराकी:** कमिश्नरेट लखनऊ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चल वैजयन्ती पर कब्जा किया। ■ **पुरुष क्रॉसकन्ट्री:** मेजबान जनपद सीतापुर की टीम विजेता रही। ■**महिला क्रॉसकन्ट्री:** कमिश्नरेट लखनऊ की महिला टीम ने चल वैजयन्ती प्राप्त की। ■**वॉटर पोलो:** जनपद सीतापुर की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए जीत हासिल की।

### जेल निरीक्षण में बाधित मिले कैमरे, आंधी के कारण समस्या

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जनपद न्यायाधीश आशीष जैन के निर्देश पर हुए इस निरीक्षण के दौरान सचिव ने महिला बैरक, बच्चा बैरक और पाकशाला की व्यवस्थाएं देखीं। इस दौरान आंधी के कारण कैमरे बाधित मिले। निरीक्षण के दौरान बंदी रेशमा ने निःशुल्क अधिवक्ता की मांग की, जिस पर सचिव ने तत्काल प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए। जेल में दरी बुनाई कार्य का जायजा लेते हुए उन्होंने बंदियों से भोजन व नाश्ते की गुणवत्ता पर भी फीडबैक लिया। जेल अधीक्षिका प्रीति यादव ने बताया कि आंधी के कारण कैमरे प्रभावित हुए हैं, जिन्हें सचिव ने जल्द दुरुस्त कराने को कहा।

**श्रमिकों के लिए जागरूकता शिविर :** खैराबाद के एक मैरिज लॉन में 'श्रम दिवस' के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। सचिव आलोक यादव, अपर सिविल जज विजय भान और जिला श्रम अधिकारी हिमानी भारद्वाज ने श्रमिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया।

### बंगाल विजय विकसित भारत के मार्ग में मील का पत्थर


आयोजन के दौरान उपस्थित जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

**संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार :** पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर जनपद में उत्सव का माहौल रहा। भाजपा जिला कार्यालय पर प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा व जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर और मिठाई बांटकर जीत का जश्न मनाया। मिश्रिख सांसद अशोक रावत ने कहा कि इन राज्यों के परिणाम बता रहे हैं कि पूरा देश अब भगवामय होने की ओर अग्रसर है। इस दौरान एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक रामकृष्ण भार्गव, ज्ञान तिवारी, आशा मौर्य, निर्मल वर्मा, पूर्व विधायक सुनील वर्मा, भरत त्रिपाठी और शिव कुमार गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चौका नदी पर दो पुलों के निर्माण की मांग

**लहरपुर/सीतापुर।** विधानसभा क्षेत्र लहरपुर के सपा विधायक अनिल वर्मा ने विकासखंड सकरन के अंतर्गत चौका नदी पर दो दीर्घ सेतुओं बड़े पुलों के निर्माण की मांग उठाई है। इस संबंध में उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को पत्र भेजकर इन प्रस्तावों को कार्य योजना में शामिल करने का अनुरोध किया है। विधायक ने पत्र के माध्यम से सकरन के ग्राम सुमरांवा और हरीपुर घाट के पास चौका नदी पर पुल निर्माण की आवश्यकता जताई है। उन्होंने बताया कि इन पुलों के बन जाने से सुमरांवा, हाजीपुर, रकबा, ऊंचगांव, बदौरा, हरीपुर और मोहारी सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। क्षेत्र के विकास के लिए उठाए गए इस कदम पर स्थानीय ग्रामीण डॉ. योगेंद्र प्रताप चौधरी, सहित अन्य लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक का आभार व्यक्त किया है।


गन हाउस निरीक्षण के दौरान उपस्थित पुलिस बल।

### मजिस्ट्रेट के औचक निरीक्षण में रजिस्टर अधूरे तो कहीं शस्त्रों की मिलान नदारद

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** नगर स्थित गन हाउस पर नगर मजिस्ट्रेट का औचक निरीक्षण हुआ। इस दौरान कई स्थानों पर स्टाक रजिस्टर अधूरे मिले। कुछ स्थानों पर शस्त्रों की मिलान नदारद होने से प्रशासनिक अधिकारी ने नाराजगी जताई है। नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पाण्डेय अचानक कुमार गन हाउस पहुंची। इसके बाद एक-एक कर अन्य गन हाउसों का निरीक्षण किया। बताते हैं कि एक गन हाउस पर रजिस्टर अधूरा मिला। इतना ही नहीं शस्त्रों की मिलान भी नहीं थी। कुछ स्थानों पर कारतूसों के खोखे की संख्या पूर्ण नहीं थी। ऐसे में नगर मजिस्ट्रेट ने नाराजगी जताते हुए सख्त निर्देश दिए। देर तक चली पड़ताल में गन हाउस संचालकों ने अपना पक्ष और समस्याएं भी साझा कीं।

# लक्ष्य से पिछड़ने वाली एजेंसियों पर बरसे डीएम

- लक्ष्य के सापेक्ष महज 40 फीसद ही रही खरीद, डीएम ने जताई नाराजगी

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने कलेक्ट्रेट सभागार में गेहूं खरीद की समीक्षा की। जनपद में अब तक निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 40.99 प्रतिशत खरीद होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने पीसीएफ, पीसीयू और यूपीएसएस जैसी एजेंसियों को लक्ष्य प्राप्ति में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिए। डीएम ने एफसीआई अधिकारियों को डिपो पर पर्याप्त लेबर रखने और ट्रकों की समय से अनलोडिंग कराने को कहा। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह सहित सभी क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक और उपजिलाधिकारी मौजूद रहे।

जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के 153 केंद्रों पर खरीद जारी है। अब तक 3045 किसानों से 19471.13 मी. टन गेहूं खरीदा जा चुका है। किसानों को पीएफएमएस प्रणाली के माध्यम से 4267.89 लाख रुपये का भुगतान सीधे खातों में भेजा गया है।

**भंडारण में लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी :** समीक्षा में पाया गया कि कई क्रय संस्थाओं द्वारा भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को गेहूं भेजने की गति बहुत धीमी है। डीएम ने निर्देश दिए कि जीपीएस युक्त वाहनों से तत्काल उठान कराया जाए। डीएम ने चेतावनी दी कि यदि बारिश से गेहूं भीगा या खरीद में कोई अनियमितता मिली, तो संबंधित अधिकारियों और केंद्र प्रभारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मंडी में रखा गेहूं भीगा, एसडीएम ने केंद्र प्रभारी को फटकारा

**मिश्रिख।** नवीन गल्ला मंडी में अचानक हुई बारिश के कारण खुले आसमान के नीचे रखा क्विंटल गेहूं भीग गया। अव्यवस्थाओं की सूचना मिलते ही एसडीएम अभिनव यादव ने क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम ने केंद्र प्रभारी से जवाब तलब किया कि मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद अनाज को सुरक्षित करने के लिए तिरपाल के इंतजाम क्यों नहीं किए गए। उन्होंने मौके पर ही निर्देश दिए कि पड़े हुए अनाज को तत्काल ढकवाकर सुरक्षित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मण्डी प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस चौकी के पास चला आरा, वन विभाग मौन

**औरंगाबाद/सीतापुर।** पुलिस चौकी से महज कुछ ही दूरी पर आम, नीम और शीशम जैसे कीमती पेड़ों पर आरा चला। क्षेत्र के लोकनापुर, कुहेता, पनरभू, बेलहरी, रामशाला, भिखनापुर, मानपुर, ततरोई और फौलादगंज जैसे गांवों में प्रतिदिन सैकड़ों पेड़ गिराए गए। अवैध कटान के कारण क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं।

# खाकी पर दाग! अपने ही सिपाही पर कार्रवाई से पुलिस पीछे क्यों

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जब रखवाले ही सवालों के घेरे में हों, तो हिफाज़त का भरोसा किस पर किया जाए। वीवीआईपी जिले की सरहद पर खाकी की साख पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सलोन कोतवाली क्षेत्र की करहिया चौकी से महज चंद मीटर दूरी पर 28 अप्रैल की रात जिस तरह से गोलीबारी की वारदात को अंजाम देने की कोशिश हुई, उसने कानून-व्यवस्था की जमीनी हकीकत उजागर कर दी है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि इस सनसनीखेज मामले में एक पुलिसकर्मी का नाम सामने आने के बावजूद, घटना के एक सप्ताह बाद भी मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर है।

पीड़ित नूरुद्दीनपुर निवासी राज शर्मा के मुताबिक 28 अप्रैल की रात करीब 9 से 10 बजे के बीच पुराने विवाद वर्ष 2022 के समझौते को लेकर फोन आया। बातचीत के बहाने बुलाकर शक्ति सिंह, राहुल सिंह और शुभम भट्ट ने चौपहिया से पहुंचकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। पीड़ित का कहना है कि कई राउंड फायर किए गए, जिनमें वह बाल-बाल बच गया। मौके से कारतूस और संदिग्ध सामग्री बरामद हुई, जबकि वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि एक आरोपी शक्ति सिंह उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात सिपाही बताया जा रहा है। घटना के तुरंत बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई और पीड़ित की तहरीर पर सलोन थाने में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया। विवेचना हुई और एक नाम बढ़ा दिया गया। इसके बारे में भी तमाम तरह की चर्चाएं तेज रही।

**लापरवाही**

- सलोन कोतवाली क्षेत्र की करहिया चौकी से महज चंद मीटर दूरी पर गोलीबारी की हुई थी वारदात

वही हाल ही में सलोन थाना प्रभारी का कार्यभार संभालने वाले इंस्पेक्टर बालेन्दु गौतम ने 1 मई को राहुल सिंह (निवासी बरगदहा, रानीगंज कैथौला, प्रतापगढ़) और सौरभ मिश्रा उर्फ अमन (निवासी बीरापुर, थाना मांधाता, प्रतापगढ़) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, पर लेकिन घटना का मुख्य आरोपी बताए जा रहे सिपाही शक्ति सिंह की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है जो सलोंन पुलिस की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़ा करती है। चर्चा यह भी हैं कि खाकी के सिपाही को बचाने के लिए सलोन पुलिस ने भरसक प्रयास किया। बड़ा सवाल यह है कि जिस चौकी से कुछ ही दूरी पर यह पूरी वारदात अंजाम देने की कोशिश हुई, वहां तैनात पुलिसकर्मियों को इसकी भनक तक कैसे नहीं लगी...? क्या यह महज संयोग है या फिर सिस्टम की कोई गहरी खामी....? मामले की विवेचना करहिया चौकी इंचार्ज मोहित कुमार के पास है। उनका कहना है कि दो आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है और बाकी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। वही विभागीय मोह के चलते शक्ति सिंह पर कोई भी विभागीय कार्यवाही तक अमल में नहीं लाई गई....यह मामला अब सिर्फ एक आपराधिक वारदात नहीं, बल्कि पुलिस की निष्पक्षता की कसौटी बन चुका है। जब आरोप खाकी पर ही लगे हों, तो कार्रवाई की रफ्तार और दिशा दोनों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। क्या खाकी अपनी खाकी के आरोपी को बचाने में लगी है...? आखिर एक सप्ताह बाद भी मुख्य आरोपी गिरफ्त से बाहर क्यों है....? क्या स्थानीय पुलिस पर दबाव है या फिर कोई अदृश्य संरक्षण...? चौकी के नजदीक वारदात के बावजूद तत्काल प्रतिक्रिया क्यों नहीं हुई....?



### जनता की निगाहें एसपी पर टिकीं

जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार की निष्पक्षता और सख्त छवि पर अब जनता की निगाहें टिक गई हैं। आम चर्चा है कि यदि इस मामले में भी आरोपी की वर्दी ढाल बन गई, तो यह कानून के राज पर सीधा आघात होगा। अब देखना यह है कि खाकी अपने दामन पर लगे दाग को साफ करने के लिए कितनी पारदर्शी और निष्पक्ष कार्रवाई करती है, या फिर यह मामला भी सवालों के साए में दबकर रह जाएगा। इस बाबत एसएसआई विजय शंकर यादव का कहना है कि दो लोगों की गिरफ्तार हो चुकी है। अन्य के लिए दबिश दी जा रही है।

## बिजली टॉवर पर चढ़ी महिला, मचा हड़कंप

**सलोन (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर निनैया गांव में हुए एक हाई वोल्टेज ड्रामे में एक महिला बिजली के ऊंचे टॉवर पर घंटों तक चढ़ी रही। पति द्वारा दूसरी औरत से अवैध सम्बन्ध और घरेलू कलह से नाराज महिला को नीचे उतारने में पुलिस के पसीने छूट गए। महिला टावर से कूदकर जान न दे दे पुलिस की जान हलक में अटकी रही। महिला को सकुशल और सुरक्षित ढंग से नीचे उतारने के लिए कई पुलिस कर्मी टावर के ऊपर चढ़ गए। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिसकर्मी किसी तरह से महिला को सुरक्षित नीचे उतरने में कामयाब रहे। कोतवाली क्षेत्र के माधवपुर निनैया गांव निवासी महिला अंजली यादव पत्नी अशोक कुमार यादव बुधवार देर शाम गांव स्थित बिजली के हाईटेंशन टावर पर चढ़ गई इस दौरान ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुची पुलिस महिला को समझाने का प्रयास करने लगी, लेकिन महिला किसी की बात सुनने को राजी नहीं थी। टावर की ऊंचाई पर बैठी महिला बार-बार अपने पति को बुलाने की जिद कर रही थी और नीचे उतरने से इनकार कर रही थी। घण्टो चले ड्रामे के बीच पुलिस की सूझबूझ से महिला को बिजली के टावर से नीचे उतार लिया गया। प्रभारी इंचार्ज एसएसआई विजय शंकर यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। काफी समझाने के बाद महिला को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। फिलहाल उससे पूछताछ करते हुए पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## हाईवे पर बाइकों में टक्कर, एक गंभीर

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ - प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर एचडीएफसी बैंक के पास गलत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने सामने से आ रहे दूसरे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। इसमें दोनों बाइकों पर सवार सभी लोग घायल हो गए। घायल बाइक सवार मायाराम पुत्र राम प्रसाद (28) निवासी बाछुपुर उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग पर गलत दिशा से आ रहा था। तभी एचडीएफसी बैंक के पास एक बाइक पर सवार एक परिवार स्टेशन की तरफ जा रहा था। बाइक में हुई टक्कर से मायाराम सहित दूसरी पर सवार परिवार भी हाईवे मार्ग पर बाइक समेत गिर गया, लेकिन उन परिवारीजनों को मामूली चोटे आई, जिसके पश्चात वह घटनास्थल से अपने गंतव्य की ओर रवाना हो गए। लेकिन मायाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आसपास मौजूद लोगों के द्वारा इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया।

## स्कूटी में डंपर छूने से चालक को पीटा

**डलमऊ, अमृत विचार।** मुराई बाग मुख्य चौराहे पर बुधवार दोपहर एक मामूली सड़क हादसा अचानक हिंसक रूप ले बैठा। गलत साइड से आ रही स्कूटी को सामने से गुजर रहे डंपर ने हल्का छू लिया, जिससे स्कूटी सवार महिला सीमा गिर गई। हालांकि उसे कोई गंभीर चोट नहीं आई। इसी बात पर भड़की महिला ने फोन कर अपने परिजनों को बुला लिया। कुछ ही देर में चार पहिया वाहन से पहुंचे परिजनों ने बीच चौराहे पर डंपर पर हमला बोल दिया। चालक गौतम द्विवेदी को नीचे उतरने को कहा गया, लेकिन गेट न खोलने पर खिड़की से उसके सिर पर डंडे से वार कर दिया गया और वाहन में तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। महिला ने डंपर में आग लगाने तक की धमकी दे डाली। करीब 15 मिनट तक चले इस हंगामे के दौरान मौके पर मौजूद लोग मूक दर्शक बने रहे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया। कोतवाल राघवन कुमार सिंह ने बताया कि महिला अपने पति आशीष कुमार निवासी कुलियापुर तथा महिला के भाई रोहित व अमित पुत्र बाबूलाल निवासी जमुनीपुर को गिरफ्तार किया गया है। तहरीर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।



मुख्य चौराहे पर डंपर रोक डंडा लेकर चढ़ा युवक।

## डीसीएम के रुकने से टकराया ऑटो, एक गंभीर

**बछरावां।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत लखनऊ - प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर रेलवे स्टेशन के पास हाईवे मार्ग पर अचानक एक डीसीएम रुकने से उसके पीछे चल रहे ऑटो सवार उससे टकरा गए, जिसमें एक की हालत गंभीर बताई गई है। घायल ऑटो सवार छोटेलाल (65) पुत्र प्रसादी निवासी सिथौली खुर्द थाना गोसाईगंज जनपद लखनऊ, अपने साले के लड़के कमलजीत पुत्र तेजपाल (24) को ऑटो से लेकर स्थानीय थाना क्षेत्र के हरदोई गांव आए थे। वापस अपने घर जा रहे थे। जैसे ही वह कस्बा अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास पहुंचे, तभी हाईवे मार्ग पर उनके आगे चल रहा एक डीसीएम अचानक रुक गया, जिससे ऑटो चला रहा उनके साले का लड़का कमलजीत अपने ऑटो से नियंत्रण खोते हुए उक्त डीसीएम में पीछे से अपने आटो समेत जा घुसा, जिसमें ऑटो पर सवार छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं कमलजीत को मामूली चोटे आई है। आसपास मौजूद लोगों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा पहुंचाया गया। चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने छोटेलाल को गंभीर हालत में ट्रॉमा लखनऊ रेफर कर दिया है।

## प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर से उपकरण चोरी

**महराजगंज, अमृत विचार।** ब्लाक क्षेत्र के इकलौते बृहद प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर में लगी मशीनों से मोटर व अन्य उपकरण उठा ले गए चोर। ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी लिखित शिकायत। घटना चार अप्रैल की है। पुलिस को शिकायती पत्र देकर मोन ग्राम प्रधान श्यामकला ने बताया कि मोन गांव के बाहर नारायनपुर से हलोर को जाने वाली सड़क के किनारे बने बृहद प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सेंटर में बाहर की जाली तोड़कर घुसे अज्ञात चोरों ने कूड़ा निस्तारण के लिए लगी मशीनों से मोटर, हेड, गियर बाक्स, मोटर स्टार्टर आदि सामान अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया है। प्रधान श्यामकला ने बताया कि इसकी जानकारी होने पर उन्होंने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। छानबीन की जा रही है जल्द ही चोरों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## सदर विधायक ने चौपाल में सुनीं समस्याएं



लोगों की समस्या सुनतीं सदर विधायक अदिति सिंह। अमृत विचार

**रायबरेली, अमृत विचार।** राही ब्लॉक क्षेत्र के जगदीशपुर बेहटा खुर्द, दिल्लीहार भुएमऊ, जरौला सहित आधा दर्जन गांवों में सदर विधायक अदिति सिंह ने चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोगों ने बिजली, पानी, सड़क, पेंशन, राशनकार्ड सम्बंधित शिकायत की। इस पर उन्होंने सभी को जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संदीप यादव, लक्ष्मी शंकर, अंतिम यादव, दिलीप कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## हादसे में हुई मौत का मामला दर्ज

**महराजगंज।** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के कैर गांव निवासी सूर्जकुमार पुत्र श्रीपाल ने पुलिस को तहरीर दी। उसका कहना है कि बीते 10 अप्रैल की सुबह उसकी मां महराजगंज बजार से घर लौट रही थी। रास्ते में पिक्चर हाल के पास सामने से आ रहे हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के डेवइचा निवासी बाइक सवार दीपक ने उनको टक्कर मार दी थी, जिसमें वह घायल हो गई थी। सीएचसी से जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मां की मौत हो गई। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मिली तहरीर के आधार पर बाराबंकी जनपद के बाइक सवार पर केस दर्ज किया गया है।

## पुरानी रंजिश में खूनी संघर्ष, आठ लोग घायल

**महराजगंज।** कोतवाली क्षेत्र के खुदायगंज बावन बुजुर्ग बल्ला गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मंगलवार को दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में आठ लोग घायल हो गए। चार घायलों की हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।बताया जा रहा है कि चार मई को गांव में एक शादी समारोह के दौरान रास्ते से निकलने को लेकर रामप्रताप पुत्र रामपाल और महेश पुत्र कन्हैयालाल के बीच कहासुनी व गाली-गलौज हुई थी। उसी विवाद की रंजिश मंगलवार को खूनी संघर्ष में बदल गई। एक पक्ष से महेश पुत्र कन्हैयालाल, रामचरन पुत्र रामभरोसे, सावित्री पत्नी रामशंकर, बबली पत्नी शिवकरन, रज्जो पत्नी कन्हैयालाल और मनोज पुत्र रामअधीन घायल हो गए। इनमें महेश और रज्जो को गंभीर चोट आने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया। वहीं दूसरे पक्ष से रामप्रताप पुत्र रामपाल और मनोज पुत्र रामधीन घायल हुए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएम ने कई एसडीएम के कार्यक्षेत्र बदले

**महराजगंज, अमृत विचार :** जनपद की नवागत जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कार्यभार संभालते ही प्रशासनिक व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने की कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में डीएम ने कई उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया है। इस स्थानांतरण से तहसील स्तर पर प्रशासनिक समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं। प्रशासन द्वारा जारी सूची के अनुसार प्रमुख तहसीलों में तैनात उप जिलाधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। महराजगंज के उपजिलाधिकारी रहे गौतम सिंह को रायबरेली सदर का एसडीएम नियुक्त किया गया है। वहीं लालगंज के एसडीएम मिथिलेश कुमार त्रिपाठी को सलोन का कार्यभार सौंपा गया है। लालगंज में एसडीएम न्यायिक रहे राजेश कुमार श्रीवास्तव को लालगंज तहसील का मुख्य एसडीएम बनाया गया है। सलोन तहसील के एसडीएम रहे चन्द्र प्रकाश गौतम को अब महराजगंज के नए एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नवागत जिलाधिकारी के इस कड़े रुख से प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने सभी अधिकारियों को तत्काल अपने नए कार्यक्षेत्र में कार्यभार ग्रहण करने और जनसमस्याओं के निस्तारण में प्राथमिकता बरतने के निर्देश दिए हैं।

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**बछरावा, अमृत विचार :** नाबालिक के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव में गाय चराने गई 12 वर्षीय बालिका की एक गाय चरते-चरते क्षेत्र के नहर के किनारे गांव में पहुंच गई। आरोप है कि जब वह ढूंढने पर पहुंची तो मौजूद एक व्यक्ति ने उसे दबोच लिया और दुराचार किया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी श्रवण कुमार निवासी कूटी मोहल्ला बछरावां को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

### युवक पर नाबालिग को भगा ले जाने का केस दर्ज

**महराजगंज, अमृत विचार :** महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को तहरीर दी है। उसका कहना है कि खीरी जनपद के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के बेला पहाड़ा निवासी युवराज सिंह यहां गेंहू की मड़ाई के लिए कम्बाइन मशीन चलाने आया था। बीते 27 अप्रैल की सुबह उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर साथ भगा ले गया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# उद्यानमंत्री के प्रयास से हरचंदपुर विकास के पथ पर

**▶ नवीन उपमंडी की सौगात मिलने से किसानों की मुश्किल होगी आसान, सौ से अधिक सड़कों की सुधरेगी दशा**

दिलीप सिंह, रायबरेली

**अमृत विचार।** केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से विकास की किरण को गांव-गांव तक पहुंचाने की मंशा को जिले में राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा साकार किया जा रहा है। हाल ही में हरचंदपुर विधानसभा क्षेत्र में नवीन उपमंडी की सौगात दी। वहीं आवागमन की समस्या को दूर करने के लिए करीब एक सैकड़ा से अधिक सड़कों के मरम्मत और निर्माण को मंजूरी दिलाई। इससे जहां स्थानीय लोगों में सरकार के प्रति सकारात्मक संदेश जा रहा है। वहीं इसका असर आगामी विधानसभा चुनावों में भी मिलना तय है।

प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने मंगलवार को किसानों की सेवा के क्रम में दो बड़ी मंडियां ऊंचाहार और सतांव में मंडी का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया है। इनके बनने से ऊंचाहार, सतांव के अन्नदाताओं को लाभ मिलेगा। अभी तक उन्हें 40 से 50 किलोमीटर तक अपनी उपज को विक्रय करने के लिए जाना पड़ता था। अब उन्हें दो से तीन किमी में ही क्रय विक्रय स्थल उपलब्ध हो गया।



राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह द्वारा लोकार्पण/शिलान्यास की गई 150 परियोजनाएं।

इसी तरह जिला पंचायत 150 परियोजनाओं जो कि निर्मित/निर्माणाधीन है। सड़कों के लोकार्पण/ शिलान्यास किया। इसमें हरचंदपुर विधानसभा की 100 से अधिक सड़कें शामिल है। इससे काफी अरसे से आवागमन की समस्या से जूझ रहे लोगों को भी राहत मिलेगी।



समारोह के दौरान पूजा-अर्चना करते उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह और पूर्व विधायक राकेश सिंह।

**पूर्व विधायक राकेश सिंह की सक्रियता से सुधरे हालात:** पूर्व विधायक राकेश सिंह की सक्रियता का असर अब दिखने लगा है। उनके प्रयास से जहां लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। वहीं सरकार की भी खूब वाहवाही हो रही है। गौरतलब है कि यहां पर वर्तमान सपा से राहुल लोधी है। ऐसे में राज्यमंत्री और उनके भाई की सक्रियता से आने वाले समय में वर्तमान विधायक की मुश्किलें बढ़नी तय है।

**सेवा भाव की हर कोई कर रहा प्रशंसा:** पंचवटी परिवार के सेवा भाव से हर कोई कायल है। प्रत्येक रविवार को जहां राज्यमंत्री आवास पर जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनते हैं। वहीं जरूरतमंदों को चिकित्सीय सहायता तक उपलब्ध करा रहे हैं। इससे क्षेत्रीय जनता के बीच उनकी पकड़ दिनों दिन मजबूत होती जा रही है।

### गांव-गांव पहुंचा रहे केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह के प्रयास से जिले में संगठन को लगातार मजबूती मिल रही है। उनके द्वारा केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। उपमंडी (कृषि बाजार) की स्थापना, आवागमन सुधारने के लिए 100 से अधिक सड़कों के निर्माण और मरम्मत आदि कार्यों से स्थानीय लोगों में सरकार के प्रति सकारात्मक माहौल बन रहा है।

# पिता की डांट पर बेटे ने लगाई थी फांसी, पोस्टमार्टम में हुई पुष्टि

लालगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** आधुनिक रेल कोच कारखाना के आवासीय परिसर में पांच दिन के अंदर आज फिर फांसी लगाने की तीसरी घटना से हड़कंप मचा हुआ है। इस घटना से आवासीय परिसर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के आवासीय परिसर में घर के अंदर फांसी पर लटके मिले 14 वर्षीय युवक ने आत्महत्या की थी। इस बात का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ है। कोतवाल प्रमोद सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हैंगिंग आया है। उल्लेखनीय है कि आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के जीएम अनुभाग में काम करने वाले अभय सिंह आवासीय परिसर के टाइप फोर में आवास संख्या 4225डी में रहते हैं। उनका मूल निवास बलिया जिले के नगरा थाना क्षेत्र में है। उनकी पत्नी विनीता पूरे प्रान सिंह मजरे ऐहार गांव में शिक्षिका हैं। अभय सिंह अपनी पुत्री व पत्नी को गांव भेजने के लिए ट्रेन में बैठाने उन्नाव गए थे। घर पर इकलौता पुत्र विनायक अकेले था। आरेडिका कर्मचारियों में चर्चा है कि किसी बात को लेकर पिता ने विनायक को फोन पर डांटा था। इसी बात से नाराज होकर विनायक ने फोन काट दिया था। काफी देर तक अभय विनायक को दोबारा फोन करते रहे लेकिन जब उसने कॉल रिसीव नहीं की तो उसके पिता ने पड़ोसियों को फोन कर विनायक को देखने के लिए भेजा। सीढ़ी लगाकर जब पड़ोसी ऊपर पहुंचे और खिड़की से देखा तो विनायक फांसी के फंदे पर लटका था। जानकारी मिलने पर परिजन वापस आवासीय परिसर पहुंचे। इकलौते पुत्र के शव को देखकर परिजन बदहवास हो गए। पोस्टमार्टम के बाद बुधवार को परिजन शव को लेकर अपने गृह जनपद चले गए, जहां उसका अंतिम संस्कार किया गया।

**खुलासा**

- रेल कोच कारखाना के आवासीय परिसर में हुई घटना से हड़कंप

# मुठभेड़ में 3 बदमाशों को लगी गोली

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन योजना के गोदाम में लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की देर रात डीह और भदोखर पुलिस से मुठभेड़ हो गई। दोनों अलग-अलग मुठभेड़ों में पुलिस की जवाबी फायरिंग में तीन बदमाश घायल हो गए। मौके पर पुलिस ने सात लोगों को पकड़ने का दावा किया है। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि घायल बदमाशों को अस्पताल पहुंचाया गया है।

एएसपी ने बताया कि आरोपितों ने डीह थाना क्षेत्र में जल जीवन मिशन के गोदाम में लूट और विरोध करने पर दो चौकीदारों को घायल किया था। बीती रात डीह और भदोखर थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अलग-अलग मुठभेड़ों के दौरान लूट के सात वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों के पैरों में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तीन अवैध तमंचा, कारतूस और लूट से संबंधित 10 बोरा पीतल की टोंटी बरामद किया गया है। इसके अलावा घटना में प्रयुक्त एक चार पहिया वाहन और एक ई-रिक्शा भी बरामद हुआ है। यह कार्रवाई थाना डीह में दर्ज मुकदमा के तहत की गई।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी व बरामद माल। अमृत विचार

**कार्रवाई**

- जल जीवन मिशन योजना के गोदाम में लूट के थे आरोपी पुलिस ने सात को दबोचा

एएसपी ने बताया कि डीह थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने अक्षत मिश्रा (19) निवासी पूरे नयन के दाहिने पैर, मोहित आर्या (19) निवासी मोहल्ला गौड़ा थाना डीह के बाएं पैर में गोली लगी है। इसके अलावा संतोष निर्मल (21), अभिषेक निर्मल (20) पूरे धनऊ मजरे खेतौधन, अरविंद प्रजापति (21) गोहरइया थाना डीह को गिरफ्तार किया गया है। वहीं भदोखर पुलिस से मुठभेड़ ने प्रयागराज साहू (27) निवासी सराय मानिक थाना डीह के दाहिने पैर में गोली लगी है। उसके साथी कस्बा डीह निवासी सूरज (22) को गिरफ्तार किया गया है।

इस मामले में पुलिस के अनुसार गिरफ्तार सभी अभियुक्त डीह थाना अंतर्गत अलग अलग गांव के निवासी हैं और लूट की घटना में वांछित थे। घायल आरोपियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**निर्देश** | जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ की बैठक में सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की

# जनगणना 2027 अभियान में बर्दाशत नहीं होगी लापरवाही : डीएम

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जनगणना 2027 के अंतर्गत 07 मई से 21 मई तक संचालित होने वाले स्वगणना कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा की।

बैठक में डीएम द्वारा स्वगणना कार्यक्रम के लिए पूर्व निर्धारित तिथि-वार कार्य योजना के अनुसार सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सभी कार्मिक स्वयं स्वगणना अवश्य करें तथा अपने परिवार, सहकर्मियों एवं आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें। डीए ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक विभाग द्वारा प्रतिदिन कराई गई स्वगणना की संख्या की रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत की जाए, जिसकी नियमित समीक्षा की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस महत्वपूर्ण अभियान में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं नहीं की जाएगी।





कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम सरनीत कौर ब्रोका।

बैठक में सीडीओ अंजूलता, एएसपी आलोक सिंह, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अमृता सिंह, उपजिलाधिकारी सचिन यादव, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी अरविन्द कुमार आदि मौजूद रहे।

**डीएम ने की जनपद में गठित ओटीडी सेल की बैठक:** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जनपद में गठित ओटीडी सेल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर योजना के अन्तर्गत किये जा रहे प्रयासों तथा ओटीडी सेल के गठन के उद्देश्य के सम्बन्ध में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने के लिये जिला स्तर पर अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीय, एवं तृतीय, क्षेत्र में जिले के योगदान को परिलक्षित करने के लिये आवश्यक है कि सभी सम्बन्धित विभाग आंकड़ो की गुणवत्ता की स्वतः समीक्षा करते हुये अपने विभागीय पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों को फीड करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले का वास्तविक योगदान परिलक्षित हो। बैठक में प्राथमिक क्षेत्र के कृषि विभाग से दलहन एवं मिलेटस की उत्पादकता कम परिलक्षित होने के कारण, इनकी उत्पादकता को बढ़ाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। बैठक में सीडीओ अंजू लता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, डीएसटीओ सुधीर गिरी आदि रहे।

### डीएम ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

रायबरेली, अमृत विचार। बुधवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक वाह्य निरीक्षण किया। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डीएम ने वेयर हाउस की साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस की सुरक्षा, लाग बुक, सीसीटीवी कैमरा आदि के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल कुमार यादव, उप जिलाधिकारी राजेश श्रीवास्तव प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोज अहमद आदि उपस्थित रहे।

# वीआईपी आवास विकास कॉलोनी बदहाल

## लोगों की बढ़ी मुसीबतः सड़कों पर उगीं झाड़ियां, बजबजा रहीं नालियां और पार्कों पर हो गया अतिक्रमण

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद अमेठी की वीआईपी आवास विकास कॉलोनी आज बदहाली का दंश झेल रही है। नगर पंचायत और ग्राम पंचायत के बीच क्षेत्र होने के कारण यहां की मूलभूत सुविधाएं चरमरा गई हैं। सड़कों पर झाड़ियां उग आई हैं, नालियां बजबजा रही हैं और पार्कों पर अतिक्रमण है। कॉलोनी सुविधाओं का टोटा होने से यहां के निवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

यह कॉलोनी पूर्व मंत्री, डॉक्टर, इंजीनियर, प्रोफेसर और बड़े व्यवसायियों का आवास मानी जाती है। जबकि लापरवाही का यह आलम है कि चारों तरफ गंदगी रहने से मच्छरों का आतंक संक्रामक बीमारियों को न्योता दे रहा है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता


प्रमोद श्रीवास्तव।


हरिकेश यादव।

संजय सिंह के नेतृत्व में समस्याओं को उपजिलाधिकारी अमेठी को अवगत कराया गया था, पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बरसात में पूरी कॉलोनी जलमग्न हो जाती है। नालियों की सफाई न होने से पानी निकासी नहीं हो पाती है। पूर्व शाखा प्रबंधक संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि नालियां जाम हैं, गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। सड़कों के किनारे झाड़ियां उगी हैं और सफाई व्यवस्था ठप है। रामधन यादव ने प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल उठाए।


आवास विकास कॉलोनी का बंद पड़ा बारात घर। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि नगर पंचायत अधिकारी पल्ला झाड़ते हैं, जबकि यहां से कर वसूलते हैं। वे बताते हैं कि कॉलोनी महबूब महमूदपुर ग्राम पंचायत में आती है। उधर, हरिकेश यादव, संतोष अग्रहरि ने पार्कों की बदतर स्थिति के बारे बताया कि जहां कूड़ा फेंका जा रहा है और अतिक्रमण बढ़ गया है। वहीं प्रमोद श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि नगर पंचायत का बारात घर वर्षों से जर्जर है। इसकी मरम्मत न होने से कभी भी हादसा हो सकता है। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी से भी शिकायत की गई थी।

वहीं इस मामले में शैलेन्द्र मिश्रा प्रभारी अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत अमेठी का कहना है कि कि अधिशासी अधिकारी का पद रिक्त है। उन्हें अतिरिक्त प्रभार मिला है, जिससे वे सप्ताह में केवल दो दिन ही समय दे पाते हैं। उन्होंने कहा कि मामला संज्ञान में आया है और


कॉलोनी में गंदगी से पटी नाली।

जल्द कार्रवाई की जाएगी। नए अधिशासी अधिकारी की तैनाती हो चुकी है, जो जल्द कार्यभार ग्रहण कर समस्याओं का समाधान करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### सिलेंडर से लगी आग गृहस्थी राख

**सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव महेशपुर मे सुबह घर मे खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर से आग लग गई जिससे लगभग पचास हजार का नुकसान हुआ है। पीड़ित गृहस्वामी संतोष मिश्रा ने बताया कि सिलेंडर के रेगुलेटर लीक होने से किचन मे आग लग गई जिससे चार बड़े वाले कंबल, तीन रजाई एक मिक्सी, राशन, किचन का सामान लगभग पचास हजार गृहस्थी जलकर राख हो गई। क्षेत्रीय लेखपाल शिवम् तिवारी ने बताया कि नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

### बकरी चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार :** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत संग्रामपुर थाना पुलिस ने बकरी चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई बकरियों की बिक्री से प्राप्त कुल 5,260 रुपये भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रवेश कुमार वर्मा (28) निवासी भवानीपुर मजरे सरैया कनू तथा रवी शर्मा (29) निवासी सांगीपुर कनू, थाना संग्रामपुर के रूप में हुई है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 4 मई 2026 को ग्राम भवानीपुर सरैया कनू से 3 बकरियां और 3 बकरे चोरी किए थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल विनय मिश्रा एवं कांस्टेबल अनिल कुमार यादव शामिल रहे।

### डीजे पर डांस को लेकर बारात में बवाल दो युवक घायल

**जगदीशपुर (अमेठी) अमृत विचार :** भाले सुल्तान थाना क्षेत्र के दिछौली गांव में मंगलवार रात एक बारात के दौरान डीजे पर डांस को लेकर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। इस दौरान हुई चाकूबाजी में दो युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, जगदीशपुर थाना क्षेत्र के रुदापुर गांव से राम सूरत के बेटे की बारात दिछौली गांव में रामदीन के घर आई थी। द्वारपूजा के समय बारात में शामिल कुछ युवकों के बीच डीजे पर डांस को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। इसी बीच किसी ने चाकू से हमला कर दिया, जिसमें अरुण पुत्र सुरेंद्र कुमार और बनवारी पुत्र भोले निवासी रुदापुर, घायल हो गए। घायलों में अरुण की हालत गंभीर होने पर उसे पहले सीएचसी जगदीशपुर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। वहीं बनवारी को मामूली चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। भाले सुल्तान थानाध्यक्ष अजयेंद्र पटेल ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय में खेलकूद और व्यायाम का समय बदला

**लालगंज (रायबरेली) :** गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए श्री गणेश विद्यालय इंटर कॉलेज ऐहार में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बुधवार से सुबह 6 :30 बजे से 7 बजे तक खेल-कूद एवं व्यायाम की विशेष कक्षाएं संचालित की जाएंगी। प्रधानाचार्य अवनीन्द्र पांडेय ने बताया कि खेल शिक्षक सुजीत कुमार एवं विकास कुमार बच्चों को वार्म-अप व्यायाम, योग एवं हल्के खेल-कूद कराएंगे। सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के लिए इन कक्षाओं में उपस्थिति अनिवार्य की गई है।

# कार-बाइक की टक्कर में बहन की मौत, भाई गंभीर

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

- पूर्वांचल एक्सप्रेसवे सर्विस रोड स्थित काजीपुर पर हुई घटना

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के काजीपुर स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बीएचएल इंडो गल्फ से दवा लेने के बाद वापस आ रहे भाई-बहन की बाइक की आमने-सामने कार से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।


गुड़िया यादव की फाइल फोटो।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों उछलकर सड़क पर जा गिरे। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद करते हुए एंबुलेंस बुलाकर दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी शुकुल बाजार पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने बहन को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल भाई सर्वेश का इलाज एक प्राइवेट अस्पताल में जारी है। हादसे के बाद चालक सहित सभी कार सवार वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। मृतका की पहचान गुड़िया यादव 35 वर्ष पत्नी गया नाथ यादव निवासी बाहरपुर पूरे शुक्लन के रूप में हुई है। घायल भाई सर्वेश कुमार यादव 33 वर्ष पुत्र बेचू लाल निवासी पूरे लदई तिवारी अहमदपुर के बताए


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

जा रहे हैं। गुड़िया की शादी को 14 वर्ष हुई थी । उनके दो बच्चे आयुष 12 वर्ष और आयुषी (पीहू) 9 वर्ष हैं। मां की मौत के बाद दोनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि पति गहरे सदमे में है। पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है।

वहीं थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घायल का इलाज जारी है और परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज कर कार को कब्जे में ले लिया गया है।

**एक पल में उजड़ गया परिवारः** हंसता-खेलता परिवार एक झटके में बिखर गया। मां की मौत ने दो मासूम बच्चों के सिर से ममता का साया छीन लिया। आयुष और आयुषी (पीहू) बार-बार मां को याद कर बिलख रहे हैं। घर में चीख-पुकार और मातम का माहौल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

# पुलिस टीम पर जानलेवा हमला आरोपी को छुड़ाकर किया फरार

संवाददाता, अमेठी

- वांछित को पकड़ने ग्राम मडेरिका पहुंची थी पुलिस टीम, केस दर्ज

**अमृत विचार।** अमेठी के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम मडेरिका में उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के दौरान पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। हमले के दौरान आरोपी को पुलिस हिरासत से छुड़ा लिया गया और मौके से फरार कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, गौरीगंज थाना में तैनात उपनिरीक्षक जुनैद खान, मुकदमा के विवेचक हैं। इसी मामले में वांछित अभियुक्त आशीष कुमार पाण्डेय को पकड़ने के लिए पुलिस टीम मंगलवार को मडेरिका गांव पहुंची। टीम में उपनिरीक्षक शिवेंद्र प्रताप सिंह और अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल थे। दोपहर करीब 1:10 पर अभियुक्त को उसके घर से हिरासत में लिया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी की वैधानिक प्रक्रिया पूरी की जा रही थी, तभी अभियुक्त के परिजन-पिता मनोज पाण्डेय, भाई आदर्श पाण्डेय, बहन शालिनी पाण्डेय, माता शिवसजी देवी तथा 8-10 अज्ञात लोग लाठी-डंडों से लैस होकर मौके पर पहुंच गए।

आरोप है कि इन लोगों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी, साथ ही मारपीट करते हुए आरोपी को छुड़ा लिया और उसे फरार कर दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक की वर्दी फाड़ दी गई और बिल्ला भी नोच लिया गया। पुलिसकर्मियों को चोटें आईं और उन्हें गांव में दोबारा आने पर जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करके जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# सड़क निर्माण बंद होने से बढ़ी मुसीबत

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** महराजगंज क्षेत्र के जमुरांवा गांव के प्राथमिक विद्यालय से पूरे नैनिया सिरसोई तक जाने वाला मार्ग ग्रामीणों के लिए मुसीबत का सबब बन गया है। करीब ढाई किलोमीटर लंबा यह मार्ग पिछले 25 वर्षों से बदहाल था। जिसे क्षेत्रीय विधायक के प्रयासों से मंजूरी तो मिली, लेकिन अब निर्माण कार्य बीच में ही अधर में लटका हुआ है।

क्षेत्रीय विधायक श्यामसुंदर भारती के प्रयासों के बाद दो महीने पहले इस जर्जर सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया था। सड़क की खोदाई के बाद उस पर बोल्डर बिछा दिए गए, जिससे ग्रामीणों को लगा कि अब उनका वर्षों पुराना इंतजार खत्म होगा, लेकिन कुछ दिन काम करने के बाद ही कार्यदायी संस्था ने काम बीच में ही बंद कर दिया। सड़क पर बिछाए गए बड़े-बड़े बोल्डर अब लोगों के जी का जंजाल बन गए हैं। जमुरांवा ग्राम


महराजगंज के पूरे नैनिया सिरसोई को जाने वाली बदहाल सड़क। अमृत विचार

**परेशानी**

प्रधान अनुराग चौधरी समेत ग्रामीण शीतला प्रसाद, सुनील कुमार, राम बरन बहादुर और अनूपनाथ का कहना है कि ठेकेदार की लापरवाही से आवागमन दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है। साइकिल से स्कूल जाते समय बच्चे इन बोल्डरों पर फिसलकर आए दिन चोटिल हो रहे हैं। बुजुर्गों और मरीजों को ले जाना भी अब एक बड़ी चुनौती है।

### क्या बोले जिम्मेदार

तारकोल की अनुपलब्धता से मरम्मत कार्य प्रभावित है। जैसे ही तारकोल की आपूर्ति बहाल होगी। सड़क मरम्मत का कार्य तत्काल प्रभाव से शुरू करा दिया जाएगा।

**-विजय कुमार, जेई, लोक निर्माण विभाग।**

### पांच सूत्रीय मांगों को लेकर समाधि में बैठे बाबा

**कमरौली (अमेठी) अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के स्थित उदासीन आश्रम बाबा गंगा दास कुटी में बुधवार को जब आश्रम के महंत गुरु बक्स अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर गड्ढा खोदकर उसमें समाधि लगाकर बैठ गए। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी मुकेश पटेल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से बाबा से वार्ता कर उनकी मांगों को सुना। काफी देर तक चले मान-मनौव्वल और उचित कार्रवाई के आश्वासन के बाद बाबा गुरु बक्स समाधि स्थल से बाहर आए, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो गई।आश्रम की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में दोषियों पर कार्रवाई, महंत की सुरक्षा, सीसीटीवी व्यवस्था सुचारु रखने, कुटिया क्षेत्र में अवैध प्रवेश रोकने तथा गाटा संख्या 2271 की भूमि की पैमाइश कर अतिक्रमण हटाने की मांग की गई है। बाबा गुरु बक्स का आरोप है कि सम्बंधित समस्या की शिकायत डीएम, एसपी से कर चुके जिसके बाद समस्या का कोई समाधान नहीं निकला जिसके बाद आज यह कदम उठाना पड़ा है। वहीं थाना अध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि मामले को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझा लिया गया है। प्रशासन द्वारा मांगों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।


समाधि के लिए बैठे बाबा।

# कालिकन धाम में बनेगा स्थायी हेलीपैड

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के निर्देश पर जनपद के प्रत्येक विकास खंड में एक प्रमुख धार्मिक स्थल पर हेलीपैड निर्माण की योजना के तहत संग्रामपुर क्षेत्र स्थित कालिकन धाम में भी जल्द हेलीपैड का निर्माण किया जाएगा।

यह हेलीपैड केवल धार्मिक गतिविधियों तक सीमित न रहकर प्रशासनिक कार्यों, चुनावी ड्यूटी तथा आपातकालीन सेवाओं के लिए भी उपयोगी साबित होगा।हेलीपैड निर्माण के लिए चयनित स्थल का निरीक्षण लोक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अमित पाठक, राजस्व विभाग की टीम, संबंधित लेखपाल व ठेकेदार के साथ ग्राम प्रधान भवसिंहपुर अशोक कुमार उपाध्याय उर्फ रज्जू उपाध्याय की मौजूदगी में किया गया। निरीक्षण के दौरान मां कालिका धाम परिसर के पास उपयुक्त भूमि का चिन्हांकन किया गया। पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता अमित पाठक ने बताया कि अंतिम रूप से स्थल का चयन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारी शैलेंद्र सिंह के निरीक्षण के बाद ही सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेलीपैड निर्माण से क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित राहत पहुंचाना संभव हो सकेगा।


प्रस्तावित हेलीपैड का स्थलीय निरीक्षण करते पीडब्ल्यूडी के अवर अभियंता व अन्य।

**विकास को मिलेगी गति**

- हेलीपैड बनने से प्रशासनिक व आपात सेवाओं को मिलेगा बल

**अवैध प्लाटिंग पर चला प्रशासन का बुल्डोजर, रायबरेली:** विकास प्राधिकरण के सचिव विशाल यादव के निर्देश पर जिले में अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया गया। शहर के जोन 2 स्थित महराजगंज रोड पर करीब दो बीघा जमीन में की गई अवैध प्लाटिंग को विकास प्राधिकरण की टीम ने ध्वस्त कर दिया। वहीं, जोन 6 के राजस्व ग्राम जैतूपुर में 3 बीघा जमीन पर फैली अवैध प्लाटिंग पर भी प्रशासन को बुलडोजर चला। इस संयुक्त कार्रवाई में कुल 5 बीघा क्षेत्र में बने लगभग 210 अवैध प्लॉटों को मिट्टी में मिला दिया गया। अभियान के दौरान जेई निष्ठा साहू, शिवकुंवर, शिवओम सहित मिल एरिया थाने की पुलिस टीम मौके पर मौजूद रही।

# कई थाना अध्यक्ष और चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** कानून व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने चार्ज संभालने के बाद पहली बार बड़े स्तर पर तबादले किए हैं। इस "तबादला एक्सप्रेस" में कई थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्जों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है, जिससे पुलिस विभाग में हलचल मच गई है।

थाना स्तर पर हुए बदलावों के तहत पीपारपुर के थाना प्रभारी श्रीराम पांडेय को अमेठी कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अमेठी कोतवाली प्रभारी रवि सिंह को जिला मुख्यालय गौरीगंज भेजा गया है। गौरीगंज कोतवाली प्रभारी अरुण कुमार मिश्रा को पीपारपुर थाने का प्रभार दिया गया है। एएचटीयू प्रभारी रामराज कुशवाहा को रामगंज थाने की जिम्मेदारी मिली है, जबकि रामगंज थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह को साइडलाइन कर दिया गया है।

इसके अलावा महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह और भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना प्रभारी तनुज कुमार पाल, जिनका गैर जनपद तबादला हो चुका था, उन्हें रिलीव कर दिया गया है। महिला थाना की नई जिम्मेदारी दीप शिखा सिंह को दी गई है, जबकि भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने की कमान अजयेंद्र पटेल को सौंपी गई है। चौकी प्रभारियों में भी बड़े स्तर पर फेरबदल किया गया है। सौम्य कुमार जायसवाल को पुलिस लाइन से टीकरमाफी चौकी का प्रभारी बनाया गया है। धीरेंद्र कुमार तिवारी को कादूनाला से सत्थिन चौकी भेजा गया है, जबकि धीरेंद्र प्रताप सिंह को मोहनगंज से भाले सुल्तान स्थानांतरित किया गया है। रामजी सिंह को अमेठी से त्रिसुंडी चौकी, सुधीर कुमार को मुसाफिरखाना से इन्हौना, और वीरेंद्र कुमार को मुसाफिरखाना चौकी भेजा गया है। वहीं श्री कृष्ण पाल को लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। एसपी सरवणन टी ने अपने लगभग 5 महीने के कार्यकाल में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर बदलाव किए हैं।

### 104 क्रय केंद्रों पर गेहूं खरीद में तेजी लाने के निर्देश

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत गेहूं खरीद व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खाद्य एवं रसद विभाग, मंडी समिति, सहकारी समितियों एवं विभिन्न क्रय एजेंसियों के अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि जनपद में कुल 104 क्रय केंद्र संचालित हैं, जहां 30 मार्च से 15 जून 2026 तक गेहूं की खरीद की जा रही है। इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। समीक्षा के दौरान अवगत कराया गया कि 5 मई 2026 तक 32,000 मीट्रिक टन लक्ष्य के सापेक्ष 11,895 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो चुकी है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 37 प्रतिशत है। जिलाधिकारी ने सभी क्रय केंद्रों पर प्रतिदिन खरीद सुनिश्चित करने, तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखने और गुणवत्ता मानकों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने, केंद्रों पर बोरे, तिरपाल, इलेक्ट्रॉनिक कांटे और पेयजल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। साथ ही अधिकारियों को नियमित निरीक्षण और समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए। किसानों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाने की भी बात कही गई, ताकि अधिक से अधिक किसान सरकारी खरीद प्रणाली से जुड़ सकें। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, एआर कोऑपरेटिव विवेक कुमार सिंह, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सोनी गुप्ता, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुररहमान रहे।

### पेंशनधारकों का अनिवार्य सत्यापन शुरू

**संग्रामपुर (अमेठी) अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित वृद्धावस्था, विधवा एवं अन्य पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के लिए सत्यापन प्रक्रिया अनिवार्य कर दी गई है। जनपद के विकास खंड संग्रामपुर में इस अभियान को लेकर समाज कल्याण विभाग सक्रिय हो गया है। संग्रामपुर में तैनात समाज कल्याण अधिकारी शुभम त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में करीब 7 हजार पेंशनधारक हैं, जिन्हें अपना सत्यापन कराना आवश्यक है। सभी लाभार्थियों को ब्लॉक मुख्यालय पर पहुंचकर आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे।उन्होंने बताया कि सत्यापन के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जीवित प्रमाण पत्र, कुटुम्ब रजिस्टर की नकल तथा बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य है। यदि कोई लाभार्थी निर्धारित समय के भीतर सत्यापन नहीं कराता है, तो उसकी पेंशन रोक दी जाएगी।

### मण्डलायुक्त की चौखट तक पहुंचा जमीनी विवाद

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** इन्हौना कस्बे में सीलिंग के जमीनी विवाद का मामला मंडल युक्त की चौखट तक पहुंच गया। मामले पर मंडलायुक्त ने सभी पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिया है। बुधवार को इन्हौना कस्बे के अंकित रमेश इंद्रेश रामकेवल जितेंद्र मौर्य विजय विमला प्रदीप व राधेश्याम सहित तमाम ग्रामीण लखनऊ स्थित मंडलायुक्त कार्यालय पहुंच अपनी कथा सुनाई। पीड़ितों ने बताया कि वर्ष 2009 में तहसीलदार द्वारा सीलिंग जमीन का पट्टा दिया गया था जिस पर वे अब तक काबिज भी थे किन्तु विपक्षियों ने उनकी जमीन को जबरदस्ती जोतकर बो लिया है और खेत के नजदीक जाने पर जान से मारने की धमकी देते है। जबकि उक्त जमीन का विवाद न्यायालय मे विचाराधीन है जिस पर यथा स्थित बनाये रखने का आदेश भी जारी है उसके बावजूद भी विपक्षी उस पर अवैध कब्जा करने की नियत से जोतकर बो लिए है। मंडलायुक्त ने सभी पीड़ितों को न्याय का भरोसा दिया है।


मण्डलायुक्त के यहां पहुंचे पीड़ित ग्रामीण।

**आयोजन**

जिलाध्यक्ष ने शक्ति केंद्र, बूथ सत्यापन व आने वाले अभियानों की योजना बनाई

# सरेनी के तीन मंडलों की बैठक में भाजपाइयों ने कसी कमर

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी संगठन में तीन मंडलों की मासिक बैठकों का आयोजन किया गया। इसमें चुनावों में मिली सफलता पर सभी को बधाई दी। साथ आगामी चुनावों के लिए कमर कसने के लिए कहा गया।

जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने सरेनी विधानसभा के तीन मंडलों की बैठक ली। उनके साथ जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह भी मौजूद रहें। सरेनी विधानसभा के तीन मंडलों की बैठक लेकर शक्ति केंद्र, बूथ सत्यापन व आने वाले अभियानों की योजना रचना बनाई। नगर पश्चिम की बैठक जिला मंत्री विजय सिंह टप्पू, मंडल प्रभारी शिवेंद्र सिंह, मंडल प्रवासी अजय सिंह, मंडल अध्यक्ष नवजीत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पहरेमऊ मंडल की वार्षिक बैठक पूर्व मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा ने ली।


बैठक में बोलते भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी। अमृत विचार

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण की बैठक संपन्न, लालगंजः** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण गतिविधि की की बैठक शिशु मंदिर में बुलाई गई। जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर परिचर्चा की गई। धर्म जागरण के जिला संयोजक शिव कैलाश तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 'धर्म जागरण' के माध्यम से सनातन मूल्यों की रक्षा कर रहा है। जिला संस्कृति प्रमुख कैलाश बाजपेई ने कहा कि इसके अंतर्गत स्वयंसेवक घर-घर संपर्क, सत्संग, गीता-रामायण वितरण और सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाता है। यहां जिला विधि प्रमुख अशोक शुक्ला, धर्म जागरण के जिला सहसंयोजक सुशील शुक्ला, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, केडी त्रिवेदी, बृजेश द्विवेदी, देवेंद्र अवस्थी, संजय जायसवाल, योगेंद्र कुमार, लोधेश्वर आदि रहे।


बैठक में चर्चा करते जिला संयोजक शिव कैलाश तिवारी। अमृत विचार

**भाजपा की जीत पर बैंक अध्यक्ष का स्वागत, डीहः** पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह के डीह आगमन पर क्षेत्रीय भाजपाइयों व ग्राम प्रधानों ने इमली तिराहे पर स्वागत किया। इस पर ब्लॉक सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह, रोहित चौरसिया, राजकुमार द्विवेदी, अखिलेश मिश्रा, जगत प्रताप सिंह, रंजीत सिंह, राज द्विवेदी, प्रधान राजकुमार सिंह, बबलू ओझा, पप्पू मिश्रा, नरेंद्र सिंह, अशोक यादव, रवि शंकर द्विवेदी, बिंदादीन मौर्य, बृजेश सिंह, मनीष तिवारी, आशुतोष सिंह, अजीत सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

